प्रयागराज, कानपुर रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उ0प्र0 सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

फतेहपुर एवं लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 14 अंक : 355 | मंगलवार 16 दिसम्बर, 2025 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 | मूल्य 1.00 रूपया

## समस्याओं से निपटने का तरीका योगी सरकार से सीखें राज्य

***पुलिसकर्मियों ने मस्जिदों के इमामों और मंदिरों पुजारियों को समझाया कि तेज आवाज वाले लाउडस्पीकर का इस्तेमाल गैर कानूनी है, इसे उतार लें। यह कार्रवाई धार्मिक नेताओं और स्थानीय समितियों के सहयोग से शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हुई। उत्तर प्रदेश में 1400 से ज्यादा लाउडस्पीकर हटाए गए या उनकी आवाज कम की गई।***



लखनऊ 15 दिसम्बर (एजेंसी) अपराधियों से निपटने और धार्मिक स्थलों की आड़ में आम लोगों का जीना दुश्वार करने वाले लोगों को कानून का पाठ पढ़ाने की सीख उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार से देश के अन्य राज्यों की सरकारों को भी लेनी चाहिए। दलगत राजनीति से हटकर योगी सरकार ने साबित कर दिया है कि यदि इरादे मजबूत और व्यापक जनहित से जुड़े हों तो समझाइश से भी समस्या का हल किया जा सकता है। ऐसा धार्मिक स्थलों पर कानफाडू लाउडस्पीकर्स को हटा कर किया गया। योगी सरकार ने साफ कर दिया है कि धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर्स की तेज आवाज से होने वाला ध्वनि प्रदूषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लखनऊ में ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया। राजधानी लखनऊ में धार्मिक स्थलों पर अवैध रूप से लगे लाउड स्पीकर हटाने का अभियान के तहत वजीरगंज इलाके में पुलिस की टीम ने मस्जिदों और मंदिरों में लगे लाउडस्पीकर और स्पीकर हटवाए।

पुलिसकर्मियों ने मस्जिदों के इमामों और मंदिरों पुजारियों को समझाया कि तेज आवाज वाले लाउडस्पीकर का इस्तेमाल गैर कानूनी है, इसे उतार लें। यह कार्रवाई धार्मिक नेताओं और स्थानीय समितियों के सहयोग से शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हुई। उत्तर प्रदेश में 1400 से ज्यादा लाउडस्पीकर हटाए गए या उनकी आवाज कम की गई। ये लाउडस्पीकर धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक जगहों पर लगे थे। यह कार्रवाई ध्वनि प्रदूषण (नियमन और नियंत्रण) नियमों के उल्लंघन की शिकायतों के बाद की गई है। कानपुर जोन में इस अभियान के तहत 8 जिलों से 382 लाउडस्पीकर हटाए गए। मेरठ जोन में 381 लाउडस्पीकर हटाए गए। इनमें से अकेले हापुड़ से 110 लाउडस्पीकर निकाले गए, जो राज्य में सबसे ज्यादा हैं। प्रयागराज जोन में जहाँ 7 जिले शामिल हैं 233 लाउडस्पीकर तय शोर सीमा से ज्यादा पाए गए। उन्हें आवाज को तय सीमा तक कम करने का निर्देश दिया गया, जबकि 51 लाउडस्पीकर हटा दिए गए। इस जोन में करीब 1200 लाउडस्पीकर लगे हुए हैं। लखनऊ जोन में भी कम से कम 350 लाउडस्पीकर हटाए गए। आगरा जोन में भी करीब 150 लाउडस्पीकर हटाए गए। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ध्वनि प्रदूषण से आम जनता को परेशानी न हो और शांति व्यवस्था बनी रहे। लाउडस्पीकर का इस्तेमाल नियमों के दायरे में ही होना चाहिए, ताकि किसी को असुविधा न हो। गौरतलब है कि योगी सरकार ने 2022 से यूपी के धार्मिक स्थलों से अवैध लाउडस्पीकर हटाने का अभियान शुरू किया था और अब तक यूपी में धार्मिक स्थलों से एक लाख से ज्यादा लाउडस्पीकर्स हटाये जा चुके हैं वहीं, डेढ़ लाख से ज्यादा लाउडस्पीकर्स की आवाज कम की जा चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धार्मिक आयोजन धार्मिक स्थल के भीतर तक ही सीमित होने चाहिए। सड़क पर किसी भी पर्व त्यौहार का आयोजन नहीं होना चाहिए,वहीं लाउडस्पीकर दोबारा न लगे यह जिम्मेदारी जिलाधिकारियों की होगी। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी भी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन धार्मिक स्थल के परिसर में ही होना चाहिए। रास्तों में इसका आयोजन नहीं होना चाहिए।गौरतलब है कि महाराष्ट्र में लाउडस्पीकर पर हो रहे अजान को लेकर राज ठाकरे ने महाराष्ट्र सरकार को चेतावनी दी थी। इसके बाद से ही देश के कई राज्यों में लाउडस्पीकर के खिलाफ आवाज उठने लगी। शहरी ध्वनि प्रदूषण चुपचाप हमारे समय की सबसे उपेक्षित जन स्वास्थ्य समस्याओं में से एक बनकर उभरा है। ध्वनि प्रदूषण सिर्फ पर्यावरणीय उदासीनता नहीं है। यह संवैधानिक उपेक्षा की सीमा पर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, शांत क्षेत्रों में सुरक्षित सीमा दिन में 50 डीबी (ए) और रात में 40 डीबी (ए) है। फिर भी, दिल्ली और बेंगलुरु जैसे शहरों में, संवेदनशील संस्थानों के पास रीडिंग अक्सर 65 डीबी (ए)–70 डीबी (ए) तक पहुँच जाती है। शहरी ध्वनि प्रदूषण और त्यौहारों का शोर सुनने की क्षमता के लिए खतरा बन रहा है। जब ष्शांत क्षेत्रष शोर का केंद्र बन जाते हैं, तो यह राज्य की क्षमता और नागरिक सम्मान पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। साल 2024 में सर्वोच्च न्यायालय ने पुनः पुष्टि की कि पर्यावरणीय व्यवधान – जिसमें अत्यधिक शोर भी शामिल है। अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और सम्मान के मौलिक अधिकार का उल्लंघन कर सकते हैं। ध्वनि प्रदूषण (वी) मामले में, न्यायालय ने माना कि अनियंत्रित शहरी शोर मानसिक स्वास्थ्य और नागरिक स्वतंत्रता के लिए एक गंभीर खतरा पैदा करता है।भारत में ध्वनि प्रदूषण से होने वाली मौतों का कोई सटीक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है, लेकिन अनुमान है कि इससे हुए इस्कीमिक हृदय रोग के कारण लगभग 12,000 मौतों और प्रति वर्ष 48,000 नए मामलों के लिए जिम्मेदार है। ध्वनि प्रदूषण से उच्च रक्तचाप, तनाव, नींद की कमी और सुनने में समस्या जैसी कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं ।

## मोदी का कोई तोड़ नहीं: बिहार जीत मायने अनेक

***विपक्षी दलों को क्या लगता कि केवल आचार संहिता लगते ही चुनावी जंग जीती जाती है? अगर ये सोचते हैं तो इससे बड़ी भूल भला क्या हो सकती है? जनता हर समय राजनीतिक दलों, उनके नेताओं के आचरणों को देखती है। परखती है। उसके बाद धैर्यपूर्वक ढंग से आंकलन करती है। तत्पश्चात अपना निर्णय सुनाती है।***



नयी दिल्ली 15 दिसम्बर (एजेंसी) प्रतीकों, मूल्यों, संस्कृति और परंपराओं की पिच पर आप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नहीं हरा पाएंगे। ये मोदी और बीजेपी की पसंदीदा पिच है। अगर इस पर विपक्ष फंसा तो उसकी करारी हार सुनिश्चित है विपक्ष हर बार यही गलती करता है। वो भारतीय मानस को समझे बिना मोदी को ललकारता है। हिंदू संस्कृति के मानबिंदुओं, परंपराओं और आस्था पर कटाक्ष करता है। अपमानित करता है। विपक्ष को लगता है कि वो हिंदुत्व को गाली देकर जीत सकता है। विपक्ष को लगता है कि वो भारतीय सेना के शौर्य को चुनौती देकर चुनाव जीत सकता है। विपक्ष को ये लगता है कि जाति के नाम पर विभाजन उत्पन्न कर जीत सकता है। अगर इस मुगालते में विपक्ष है तो वो मोदी से कभी नहीं जीत सकता है। क्योंकि कौन से प्रतीकों को कहां और किस अंदाज में आजमाना है। ये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बखूबी जानते हैं। यूं कहूं तो वो इसमें सिद्धहस्त हैं। इसके जादूगर हैं।हरियाणा, महाराष्ट्र के बाद बिहार विधानसभा के ये परिणाम बता रहे हैं कि कृ आप हिंदू संस्कृति का अपमान कर कोई भी चुनावी किला फतह नहीं कर सकते। आप सांविधानिक संस्थाओं का अपमान कर चुनाव नहीं जीत सकते। विपक्ष को ये समझना होगा कि जिस ळमद–ं के नाम पर देश में नेपाल जैसी अराजकता का बिगुल फूंका जा रहा था। भारत के ळमद–ं ने उसकी हवा निकाल दी है। उसने भर–भर के एकमुश्त वोट छव। की झोली में डालकर राजतिलक कर दिया है। महिलाओं ने बड़ी खघमोशी से प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर अपना विश्वास जताया है।देश की जनता ये जान चुकी है कि वर्षों तक सत्ता में रहने वाली कांग्रेस और आरजेडी समेत तमाम विपक्षी दल अब मुद्दाविहीन हो चुके हैं। क्या देश की जनता को ये नहीं दिखता रहा है कि – कैसे समूचा विपक्ष संसद की कार्यवाही नहीं चलने दे रहा था। क्या देश की जनता ये नहीं देख रही थी कि– कैसे राहुल गांधी के नेतृत्व वाला इंडी गठबंधन अराजकता का वातावरण बना रहा था। राष्ट्रीय हित के मुद्दों में इंडी गठबंधन के दलों का गतिरोध, तुष्टिकरण क्या देश की जनता नहीं देख रही थी? विपक्षी दलों को क्या लगता कि केवल आचार संहिता लगते ही चुनावी जंग जीती जाती है? अगर ये सोचते हैं तो इससे बड़ी भूल भला क्या हो सकती है? जनता हर समय राजनीतिक दलों, उनके नेताओं के आचरणों को देखती है। परखती है। उसके बाद धैर्यपूर्वक ढंग से आंकलन करती है। तत्पश्चात अपना निर्णय सुनाती है।जीत के ये आंकड़े बता रहे हैं कि कृदेश की जनता जान चुकी है कि विपक्ष ऐनकेन प्रकारेण केवल सत्ता हासिल करना चाहते हैं। उनकी नीयत में खोट है। क्योंकि क्षेत्रीय दलों को निगल जाने के बाद केवल 99 सीटें लोकसभा चुनाव में जीतने के बाद कांग्रेस जिस ढंग से गैर जिम्मेदाराना व्यवहार कर रही है। कांग्रेस के नेता और विशेष तौर पर राहुल गांधी जिस तरह से मोदी विरोध में कृदेश विरोधी मानसिकता से ग्रस्त दिख रहे हैं। सामाजिक समरसता को तोड़ने वाले बयान दे रहे हैं। देशद्रोही कम्युनिस्टों की लाइन पर चल रहे हैं। भारतीय समाज में अराजकता, हिंसा फैलाने जैसी बातें कर रहे हैं।

## ‘वोट चोरी करने वाले गद्दार हैं, इन्हें सत्ता से हटाना होगा : खरगे

नयी दिल्ली 15 दिसम्बर (एजेंसी) कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को कहा कि ‘वोट चोरी करने वाले “गद्दार हैं और इन्हें सत्ता से हटाना होगा ताकि वोट के अधिकार और संविधान को बचाया जा सके। खरगे ने रामलीला मैदान में ‘वोट चोर, गद्दी छोड़ रैली में यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आरएसएस और मनुस्मृति की विचारधारा पर आगे बढ़ रहे हैं जिससे खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि देश को बचाना है, वोटों को सुरक्षित रखना है, संविधान को बचाना है तो लोगों को कांग्रेस एवं राहुल गांधी के साथ खड़ा होना होगा। उन्होंने दावा किया, “कांग्रेस पार्टी की विचारधारा ही देश को बचा सकती है, भागवत और मनुस्मृति की विचारधारा देश को बचाएगी नहीं, बल्कि खत्म कर देगी। इनके रास्ते पर नरेन्द्र मोदी चल रहे हैं। उनका कहना था कि हिंदुत्व के नाम पर गरीबों को फिर से गुलामी में रखने का प्रयास हो रहा है।

## पंकज चौधरी को यूपी बीजेपी की कमान

### सीएम योगी की मौजूदगी में पीयूष गोयल ने किया ऐलान



लखनऊ 15 दिसम्बर (एजेंसी) उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी को आखिरकार नया प्रदेश अध्यक्ष मिल गया है। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा राष्ट्रीय परिषद चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में की। लखनऊ स्थित लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान यह औपचारिक ऐलान किया गया।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी पंकज चौधरी को सौंपे जाने के साथ ही संगठन में एक नए दौर की शुरुआत मानी जा रही है। इसी कार्यक्रम में पार्टी की राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का निर्वाचन भी संपन्न हुआ। पीयूष गोयल ने कहा कि सर्वसम्मति से पंकज चौधरी को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो पार्टी के लिए गौरव का विषय है।

पंकज चौधरी की नियुक्ति को भाजपा की सोची–समझी राजनीतिक रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। वह पूर्वांचल के महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र से सात बार सांसद रह चुके हैं और कुर्मी समाज से आते हैं, जो ओबीसी वर्ग का एक प्रभावशाली हिस्सा है। उत्तर प्रदेश, विशेषकर पूर्वांचल में ओबीसी मतदाताओं की बड़ी संख्या को देखते हुए पार्टी इस फैसले के जरिए सामाजिक संतुलन और संगठनात्मक मजबूती साधने की कोशिश में है।

भाजपा सूत्रों के मुताबिक, इस नियुक्ति के जरिए विपक्ष के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समीकरण को जवाब देने और ओबीसी वोट बैंक में पार्टी की पकड़ को और मजबूत करने की रणनीति पर काम किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के करीबी माने जाने वाले पंकज चौधरी का संगठनात्मक अनुभव और केंद्रीय मंत्री के रूप में कार्यकाल भी उनके चयन का अहम आधार रहा। पूर्वांचल में मजबूत जनाधार रखने वाले पंकज चौधरी की ताजपोशी से भाजपा को इस क्षेत्र में राजनीतिक रूप से और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।कार्यक्रम का शुभारंभ निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के संबोधन से शुरू हुआ। भूपेंद्र चौधरी ने सबसे पहले राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों के चुनाव प्रभारी पीयूष गोयल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राष्ट्रीय चुनाव प्रभारी के लक्ष्मण, प्रदेश चुनाव प्रभारी डॉ महेंद्रनाथ पांडेय, नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक आदि का स्वागत किया। अपने संबोधन में भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि संगठन की राजनीति में ऐसा वक्त आता है जब हम अपनी भूमिका बदलते देखते हैं। कितना सीखना, कितना बताना और क्या करना है सब संगठन से तय होता है। पिछले चार साल से एक अभियान चलता रहा और आगे भी ऐसा ही चलता रहे। इसी कामना के साथ हम एकत्रित हुए हैं।

## दिल्ली से लंदन, वहां से जर्मनी...संसद के शीतकालीन सत्र के बीच राहुल की यात्रा, बीजेपी ने बताया विदेशी नायक

***पार्टी ने उन्हें शविदेश नायकश और श्पर्यटन नेताश करार दिया। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने यह भी बताया कि गांधी की 15 से 20 दिसंबर तक की जर्मनी यात्रा संसद के चल रहे शीतकालीन सत्र के साथ मेल खा रही है, जो 1 दिसंबर को शुरू हुआ और 19 दिसंबर को समाप्त होने वाला है।***



नयी दिल्ली 15 दिसम्बर (एजेंसी) विपक्ष के नेता राहुल गांधी सोमवार तड़के करीब 3रू20 बजे नई दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे से बीए 142 की फ्लाइट से लंदन के लिए रवाना हुए। वे बाद में जर्मनी जाएंगे, जहां 17 दिसंबर को बर्लिन में सांसदों और भारतीय प्रवासी समुदाय से उनकी मुलाकात होनी है।अपनी विदेश यात्रा से पहले, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राहुल गांधी की यात्रा के समय को लेकर उन पर निशाना साधा। पार्टी ने उन्हें शविदेश नायकश और श्पर्यटन नेताश करार दिया। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने यह भी बताया कि गांधी की 15 से 20 दिसंबर तक की जर्मनी यात्रा संसद के चल रहे शीतकालीन सत्र के साथ मेल खा रही है, जो 1 दिसंबर को शुरू हुआ और 19 दिसंबर को समाप्त होने वाला है।एक्स पर एक पोस्ट में पूनावाला ने लिखा कि एक बार फिर, विदेशी नायक वही कर रहे हैं जो वे सबसे अच्छा करते हैं – विदेश यात्रा पर जाना! संसद 19 दिसंबर तक चल रही है, लेकिन राहुल गांधी 15 से 20 दिसंबर तक जर्मनी की यात्रा पर रहेंगे! राहुल, पर्यटन के विपक्ष के नेता हैं। बिहार चुनाव के दौरान भी वे विदेश में थे और फिर जंगल सफारी पर गए थे। कांग्रेस नेता और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा, जो राहुल गांधी की बहन हैं ने आलोचना का जवाब दिया। उन्होंने भाजपा द्वारा उनकी यात्रा पर ध्यान केंद्रित करने पर सवाल उठाते हुए कहा मोदी जी अपने कार्य समय का लगभग आधा हिस्सा देश से बाहर बिताते हैं, विपक्ष की यात्रा पर सवाल क्यों उठाए जा रहे हैं? इंडियन ओवरसीज कांग्रेस (आईओसी) ने गांधीजी की जर्मनी यात्रा की पुष्टि की। 17 दिसंबर को, उनके जर्मनी की राजधानी और सबसे बड़े शहर बर्लिन में जर्मन सांसदों और भारतीय समुदाय के सदस्यों से मिलने की उम्मीद है।संसद के रूप में और अब विपक्ष के नेता के रूप में अपनी अंतरराष्ट्रीय यात्राओं के दौरान गांधीजी लगातार भारत के लोकतंत्र के कमजोर होने और भाजपा तथा उसके वैचारिक मार्गदर्शक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा संस्थानों पर कब्जा करने के बारे में बोलते रहे हैं।

## आम आदमी पार्टी की जनहित नीति जमीन पर लागू

### वार्ड नंबर 12 बड़िंग में नितिन कोहली का जनसंवाद




जालंधर 15 दिसम्बर (एजेंसी) । आम आदमी पार्टी की जनहित, पारदर्शिता और सीधा जनसंवाद स्थापित करने की नीति के अनुरूप जालंधर सेंट्रल के हलका इंचार्ज नितिन कोहली ने वार्ड नंबर 12, बड़िंग में एक व्यापक और प्रभावशाली जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। इस जनसंवाद में स्थानीय निवासियों की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि जनता अपनी समस्याओं के समाधान को लेकर गंभीर है और आम आदमी पार्टी के नेतृत्व पर भरोसा जता रही है। उन्होंने क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न बुनियादी समस्याओं को खुलकर नितिन कोहली के समक्ष रखा।

कार्यक्रम के दौरान वार्डवासियों ने क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को विस्तार से सामने रखा। प्रमुख रूप से साफ–सफाई व्यवस्था की लापरवाही, सीवरेज जाम की समस्या, पीने के पानी की अनियमित आपूर्ति, क्षतिग्रस्त सड़कों की स्थिति, स्ट्रीट लाइट की कमी, बरसात के मौसम में होने वाला जलभराव तथा नगर निगम और अन्य प्रशासनिक सेवाओं से जुड़ी दिक्कतों को उठाया गया। लोगों ने बताया कि इन बुनियादी समस्याओं के कारण बच्चों, बुजुर्गों और कामकाजी लोगों को रोजमर्रा के जीवन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।नितिन कोहली ने सभी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा प्राथमिकता के आधार पर कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत को रिकॉर्ड में लेकर उसकी नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी ताकि समाधान केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि धरातल पर दिखाई दे।इस अवसर पर नितिन कोहली ने कहा कि आम आदमी पार्टी की राजनीति सत्ता प्राप्ति के लिए नहीं, बल्कि जनसेवा के उद्देश्य से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि पार्टी का स्पष्ट संकल्प है कि जनप्रतिनिधि जनता के बीच रहकर उनकी वास्तविक समस्याओं को समझें और उनका समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जालंधर सेंट्रल के प्रत्येक वार्ड में समान विकास कार्य किए जा रहे हैं और किसी भी क्षेत्र के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा।

कोहली ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने पंजाब में शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और नागरिक सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं और इसी सोच के तहत स्थानीय स्तर पर भी जनसंवाद के माध्यम से समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वार्ड नंबर 12 की सभी जायज मांगों पर चरणबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा।जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान नितिन कोहली के साथ उनकी पूरी टीम मौजूद रही। टीम में मनीष शर्मा, संजीव त्रेहन, धीरज सेठ, परवीन पब्बी, एमबी बाली, शिवम शर्मा, राजू कमल भुल्लर, जस्सी बड़िंग, मोहित शर्मा, अरुणजीत सिंह, भूपिंदर बड़िंग, केके पॉल, लखवीर सिंह बड़िंग, योधी बड़िंग, बलविंदर सिंह, अमृतपाल सिंह, सुखविंदर सिंह, दलजिंदर सिंह, बलदेव सिंह, बलबीर सिंह टुट, तरलोक सरन, समीर मरवाहा, ऋषभ सहोता शामिल थे। कार्यक्रम के अंत में नितिन कोहली ने वार्डवासियों से अपील की कि वे अपनी समस्याएं, सुझाव और शिकायतें बेझिझक साझा करें। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी जनता के भरोसे पर पूरी तरह खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध है।

## पहलगाम आतंकी हमले में NIA ने दाखिल की चार्जशीट, अश्परेशन महादेव मामले में 3 पाकिस्तानी आतंकवादियों के नाम

नयी दिल्ली 15 दिसम्बर (एजेंसी) राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) पहलगाम आतंकी हमले के मामले में जम्मू स्थित विशेष एनआईए न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल करने जा रही है। आरोपपत्र में छह व्यक्तियों के नाम शामिल हैं, जिनमें तीन पाकिस्तानी आतंकवादी भी हैं जो हमले में शामिल थे और बाद में श्ऑपरेशन महादेवश में मारे गए। रिपोर्ट में साजिश की जांच, पाकिस्तान में मौजूद संचालकों की भूमिका और स्थानीय समर्थन नेटवर्क पर प्रकाश डाला गया है। पहलगाम में हुए हमले के आठ महीने बाद आरोपपत्र दाखिल किया जा रहा है। हमले के बाद, जम्मू और कश्मीर पुलिस ने तीन संदिग्ध आतंकवादियों के रेखाचित्र जारी किए और उनकी गिरफ्तारी में सहायक सूचना देने वाले को 20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की। एनआईए ने जांच अपने हाथ में ली और पहलगाम क्षेत्र के 350 से अधिक लोगों से पूछताछ की, जिनमें टट्टू संचालक, दुकानदार, फोटोग्राफर और एडवेंचर स्पोर्ट्स कार्यकर्ता शामिल थे।

## बीजेपी हेडक्वार्टर में नितिन नबीन ने संभाली कार्यकारी अध्यक्ष की कमान, शाह-नड्डा भी रहे मौजूद

***45 वर्षीय नितिन नबीन भाजपा के सबसे युवा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हैं। बिहार से पांच बार विधायक रह चुके नबीन वर्तमान में राज्य के सड़क निर्माण मंत्री हैं और इससे पहले शहरी विकास एवं आवास एवं विधि विभाग जैसे विभागों का कार्यभार संभाल चुके हैं।***




नयी दिल्ली 15 दिसम्बर (एजेंसी) भाजपा के नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और अन्य पार्टी नेताओं की उपस्थिति में पदभार ग्रहण किया। राजधानी में भाजपा मुख्यालय पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। अमित शाह, जेपी नड्डा, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, रवि शंकर प्रसाद और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित कई नेता पार्टी कार्यालय में उनका स्वागत करने के लिए उपस्थित थे।45 वर्षीय नितिन नबीन भाजपा के सबसे युवा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हैं। बिहार से पांच बार विधायक रह चुके नबीन वर्तमान में राज्य के सड़क निर्माण मंत्री हैं और इससे पहले शहरी विकास एवं आवास एवं विधि विभाग जैसे विभागों का कार्यभार संभाल चुके हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा के पुत्र नबीन के पास प्रशासनिक अनुभव के साथ–साथ पार्टी के भीतर एक लंबा संगठनात्मक करियर भी है।दल्ली रवाना होने से पहले एएनआई से बात करते हुए नबीन ने बिहार और अपने निर्वाचन क्षेत्र की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया और राष्ट्रीय स्तर पर इस पद तक पहुंचने का श्रेय उनके आशीर्वाद को दिया। नबीन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं के मार्गदर्शन और प्रोत्साहन को भी स्वीकार किया, जिन्होंने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी ।पांच बार विधायक रह चुके नबीन बिहार के बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं ।

# सम्पादकीय

## तेजस्वी के ख़िलाफ़ फूटी असंतोष की चिंगारी

बिहार की प्रमुख विपक्षी पार्टी लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनता दल और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा में इन दिनों सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। बात पहले उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा की तो मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि उपेंद्र कुशवाहा


नफीस जाफरी

की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा पर टूट का खतरा मंडराता नजर आ रहा है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के करीबी और विधायक रामेश्वर महतो ने एक एक्स पोस्ट कर राजनीतिक हलचल तेज कर दी है। रामेश्वर महतो ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि राजनीति में सफलता केवल भाषणों से नहीं, बल्कि सच्ची नीयत और नीति से मिलती है। दरअसल, रामेश्वर महतो मंत्री नहीं बनाए जाने से नाराज हैं। उपेंद्र कुशवाहा अपने बेटे दीपक प्रकाश को मंत्री बनवाने में सफल रहे। इसी को लेकर पार्टी के अंदर सवाल उठ रहे थे और अब विधायक के पोस्ट इन अटकलों को बल दे दिया है। रामेश्वर महतो ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, जब नेतृत्व की नीयत धुंधली होने लगे और नीतियां जनहित से अधिक स्वार्थ की दिशा में मुड़ने लगें, तब जनता को ज्यादा दिनों तक भ्रमित नहीं रखा जा सकता। आज का नागरिक जागरूक है, वह हर कदम, हर महीने और हर इरादे को बारीकी से परखता है। तो वहीं दूसरी ओर बिहार विधानसभा चुनाव में राजद को मिली करारी हार ने पूरे राजनीतिक माहौल को हिला दिया है। यह सिर्फ एक चुनावी हार नहीं थी, बल्कि इससे पार्टी के भीतर लंबे समय से दबे असंतोष, नेतृत्व पर सवाल और संगठनात्मक कमजोरी खुलकर सामने आने लगी है। हार के तुरंत बाद पार्टी के अंदर भगदड़ जैसे हालात बन गए हैं और कई नेता खुलकर अपनी नाराज़गी जताने लगे हैं। राजनीतिक विश्लेषक मान रहे हैं कि यह राजद के अंदर एक बड़े बदलाव की शुरुआत हो सकती है। राजद नेताओं की नाराज़गी का सबसे बड़ा कारण तेजस्वी यादव का चुनाव हारने के बाद सार्वजनिक मंच से गायब होना है। नेताओं का मानना है कि संकट की घड़ी में नेता को सबसे आगे खड़े होकर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाना चाहिए, लेकिन तेजस्वी यादव के नज़र न आने से असंतोष और बढ़ गया है। कई वरिष्ठ नेता अब सीधे तौर पर कह रहे हैं कि हार की समीक्षा के समय पार्टी प्रमुख का अनुपस्थित रहना गंभीर संदेश देता है। सूत्रों के मुताबिक, कई नेता मानते हैं कि तेजस्वी यादव की एकल नेतृत्व शैली अब पार्टी को नुकसान पहुंचा रही है। हार के बाद हालात ऐसे बन गए हैं जैसे पार्टी गुटों में बंटने लगी हो। आने वाले दिनों में बड़े फैसले, बदलाव या फिर किसी बड़े नेतृत्व संकट के संकेत भी दिख रहे हैं।

ऐसे में चुनावी नतीजों के बाद भाजपा को मौका मिल गया है और वह लगातार राजद पर हमला कर रही है। भाजपा प्रवक्ता कुंतल .ष्ण ने कहा कि राजद की हार तय थी क्योंकि बिहार अब गुंडागर्दी और भ्रष्टाचार वाली राजनीति नहीं चाहता। उन्होंने दावा किया कि बिहार में विकास और सुशासन की वजह से जनता ने राजद को पूरी तरह नकार दिया। कुंतल .ष्ण ने तेजस्वी यादव को लेकर बेहद आक्रामक बयान दिया। उन्होंने कहा कि जिस जहाज का कप्तान ही उसे डुबाने में लगा हो, बाकी लोग तो जान बचाकर भागेंगे ही। इसके साथ ही उन्होंने राजद को लालू परिवार का बिजनेस बताकर तेजस्वी यादव की नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाए। उनके बयान से साफ है कि चुनावी हार के बाद भाजपा अब राजद के अंदर चल रही खींचतान को राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल कर रही है। दूसरी तरफ, राजद इन आरोपों को पूरी तरह खारिज कर रहा है। प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि यह लोकतंत्र की हार और सरकारी मशीनरी की जीत है। उनका कहना है कि हार की समीक्षा हो रही है, लेकिन पार्टी में किसी तरह का विरोध नहीं है। राजद का संदेश साफ है विपक्ष की भूमिका में रहते हुए पार्टी एकजुट है और आने वाले समय में परिस्थितियां उनके पक्ष में होंगी। हालांकि, पार्टी के अंदर जो असहमति के सुर दिख रहे हैं, वे इस आधिकारिक बयान के ठीक उलट तस्वीर पेश करते हैं।

जेडीयू मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने भी तेजस्वी यादव पर हमला करते हुए कहा कि वे मौसम के हिसाब से राजनीति करते हैं। नीरज कुमार ने यह भी तंज कसा कि जब राजनीतिक परिणाम अनुकूल होते हैं तो तेजस्वी यादव सक्रिय हो जाते हैं, लेकिन हार के समय गायब हो जाते हैं। साथ ही उन्होंने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव दोनों पर व्यंग्य करते हुए कहा कि दोनों विदेश चले जाते हैं और किसी को यह भी नहीं पता कि वे कहाँ हैं। राजद की हार सिर्फ आंकड़ों की हार नहीं, बल्कि नेतृत्व की परीक्षा भी है। तेजस्वी यादव लंबे समय से पार्टी का प्रमुख चेहरा बने हुए हैं, लेकिन लगातार हार और अंदरूनी असंतोष ने उनकी छवि को झटका दिया है। कुछ प्रमुख कारण जिनसे पार्टी का संकट गहराया। हार के बाद नेतृत्व का गायब रहना, वरिष्ठ नेताओं को नजरअंदाज किए जाने की शिकायत, संगठन में कमजोर समन्वय, गठबंधन राजनीति का कमजोर प्रबंधन, पार्टी का परिवारवादी छवि का मुद्दा।

इस चुनाव के बाद स्पष्ट है कि बिहार की राजनीति एक नए मोड़ पर खड़ी है। भाजपा–जेडीयू इसका बड़ा राजनीतिक लाभ उठा रहे हैं। राजद की अंदरूनी टूट फुट आने वाले महीनों में बढ़ सकती है। युवा नेतृत्व पर आस्था कम होती दिखाई दे रही है। बिहार की राजनीति में परंपरागत जातीय समीकरण भी तेजी से बदल रहे हैं। राजद की करारी हार के बाद पार्टी की सबसे बड़ी चुनौती अपनी खोई राजनीतिक जमीन तो वापस पाना है ही, साथ में संगठन और नेतृत्व में भरोसा भी बचाना है। तेजस्वी यादव के सामने यह सबसे कठिन समय है। अगर उन्होंने नेतृत्व क्षमता और सामूहिक संवाद पर ध्यान नहीं दिया तो आने वाले दिनों में पार्टी और बड़ी उथल–पुथल से गुजर सकती है। फिलहाल बिहार की राजनीति में सबसे चर्चित सवाल यही है कि क्या राजद इस संकट से उभर पाएगी या यह हार पार्टी के लिए एक लंबे राजनीतिक पतन की शुरुआत है?

## नए भारत के बढ़ते कदमां के पीछे वैचारिक प्रबुद्धता, योजना और समेकित दृढ़ संकल्प

यह भारत के बढ़ते कद के नेपथ्य में कुशल नेतृत्व, सामूहिक चेतना और प्रगतिशील विचारों की उस दीर्घ साधना का फल है, जिसकी जड़ें इतिहास में हैं और शाखाएँ भविष्य तक फैली हुई हैं, भारत आज विश्व–पटल पर केवल एक उभरती शक्ति नहीं बल्कि एक ऐसी निर्णायक उपस्थिति बन चुका है। जिसे अनदेखा करना किसी भी राष्ट्र के लिए संभव नहीं रहा, यह काल किसी एक सरकार, एक व्यक्ति या एक विचारधारा का नहीं बल्कि उस राष्ट्रीय चेतना का है जो सदियों के आत्मसंघर्ष, आत्मचिंतन और आत्मबल से परिपक्व हुई है, मैं स्वयं को किसी राजनीतिक दल का समर्थक नहीं मानता, किंतु यह तथ्य निर्विवाद है कि आज भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा, कूटनीतिक प्रभाव और आत्मविश्वास ऐतिहासिक ऊँचाइयों को छू रहे हैं, अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षणों में भारतीय प्रधानमंत्री की लोकप्रियता का आँकड़ा किसी व्यक्ति की प्रशंसा भर नहीं बल्कि उस विश्वास का प्रमाण है जो विश्व समुदाय भारत की स्थिरता, लोकतांत्रिक परिपक्वता और विकास–दृष्टि पर कर रहा है, महात्मा गांधी ने कहा था कि "राष्ट्र की वास्तविक पहचान उसकी आत्मा से होती है," और आज भारत की आत्मा विज्ञान, तकनीक, करुणा, सहअस्तित्व और नवाचार के संतुलन से आलोकित दिखाई देती है, डिजिटल इंडिया के माध्यम से जिस प्रकार भारत ने तकनीक को अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुँचाया है वह केवल प्रशासनिक सफलता नहीं बल्कि लोकतंत्र के विस्तार की ऐतिहासिक घटना है, विश्व बैंक, आईएमएफ और संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टों में भारत को विकासशील देशों के लिए प्रेरणा बताया जाना इस बात का संकेत है कि भारत अब सीखने वाला नहीं बल्कि मार्ग दिखाने वाला राष्ट्र बन चुका है,


गुलफिशा खान

# केरल स्थानीय निकाय चुनाव परिणाम-अपने ही गढ़ में कांग्रेस को नहीं जीता पाए थरूर

केरल में स्थानीय निकाय चुनावों के नतीजे अगले साल होने वाले चुनावों से पहले सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चे (एलडीएफ) के लिए एक बड़ा झटका साबित हुए हैं। कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चे ने छह में से चार नगर निकायों और 14 जिला पंचायतों में जीत हासिल की है, जबकि सत्तारूढ़ गठबंधन को सिर्फ छह सीटें मिली हैं। हालांकि, भाजपा सबसे बड़ी और शायद सबसे अप्रत्याशित पार्टी बनकर उभरी है। केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में स्थित 101 सदस्यीय नगर निगम में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने 50 सीटें जीतकर पहली बार इतना बड़ा जनादेश प्राप्त किया है। भाजपा ने पिछले साल दक्षिणी राज्य में अपनी पहली लोकसभा सीट जीती थी और अब तक वहां उसका केवल एक ही विधायक रहा है। गौरतलब है कि राजधानी तिरुवनंतपुरम लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है, जहां कांग्रेस के शशि थरूर ने 2009 से लगातार चार बार जीत हासिल की है।

वहीं दूसरी ओर नगर निगम को वामपंथी गढ़ माना जाता था और निवर्तमान 100 सदस्यीय निगम में सीपाइएम के पास 51 सीटें, भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के पास 35 और यूडीएफ के पास 10 सीटें थीं। इन चुनावों में, अब सीटों की संख्या 101 हो



गई है, जिसमें एनडीए ने 50 सीटें,एलडीएफ ने 29 और यूटीएफ ने 19 सीटें जीती हैं, जबकि शेष दो सीटें निर्दलीय उम्मीदवारों को मिली हैं। इसी के साथ भाजपा ने लगातार तीसरी बार पलक्कड़ नगरपालिका पर अपना नियंत्रण बरकरार रखा और त्रिपुनिथुरा नगरपालिका में सत्तारूढ़ गठबंधन के 20 वार्डों के मुकाबले 21 वार्ड जीतकर एलडीएफ को एक और झटका दिया।

जैसा कि उल्लेखनीय है कि केरल में स्थानीय निकाय चुनाव के नतीजे आ गए हैं। जहां तक कांग्रेस सांसद शशि थरूर का सवाल है तो कांग्रेस सांसद शशि थरूर के इलाके में कांग्रेस हार गई है और भाजपा जीत गई है। शशि थरूर ने इसे लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। इसमें उन्होंने भाजपा को बधाई दी है। ऐसे में अब देखना है कि कांग्रेस इस पर क्या प्रतिक्रिया देती है। कांग्रेस पहले से ही थरूर और भाजपा के संबंधों को लेकर संशय में रही है। पहले पढ़ लीजिए शशि थरूर ने लिखा क्या है...केरल के स्थानीय स्वशासन चुनावों में आज के दिन शानदार नतीजे देखने को मिले! जनादेश स्पष्ट है और राज्य की लोकतांत्रिक भावना स्पष्ट रूप से झलकती है। विभिन्न स्थानीय निकायों में प्रभावशाली जीत के लिए /न्क्थ्झमतंसं को हार्दिक बधाई! यह एक बड़ा समर्थन है और राज्य विधानसभा चुनावों से पहले एक सशक्त संकेत है। कड़ी मेहनत, सशक्त संदेश और सत्ता–विरोधी लहर का स्पष्ट रूप से फल मिला है और 2020 की तुलना में कहीं बेहतर परिणाम प्राप्त हुए हैं। मैं तिरुवनंतपुरम में भाजपा के ऐतिहासिक प्रदर्शन को भी स्वीकार करना चाहता हूं और नगर निगम में उनकी महत्वपूर्ण जीत पर विनम्र बधाई देता हूं – यह मजबूत प्रदर्शन राजधानी के राजनीतिक परि.श्य में एक उल्लेखनीय बदलाव का प्रतीक है। मैंने 45 वर्षों के एलडीएफ कुशासन से मुक्ति के लिए प्रचार किया था, लेकिन मतदाताओं ने अंततः एक ऐसी पार्टी को पुरस्.त किया है जिसने शासन में स्पष्ट बदलाव की मांग की थी। यही लोकतंत्र की खूबसूरती है. जनता के फैसले का सम्मान किया जाना चाहिए, चाहे वह यूडीएफ के लिए हो या मेरे निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा के लिए |हम केरल की बेहतरी के लिए लगातार काम करते रहेंगे, जनता की जरूरतों की वकालत करेंगे और सुशासन के सिद्धांतों को कायम रखेंगे. आगे बढ़ते रहो!

वहीं दूसरी ओर जहां तक कांग्रेस का सवाल है तो अपने सांसद शशि थरूर की ये बातें कांग्रेस को जाहिर तौर पर अच्छी नहीं लगी होंगी। हालांकि, थरूर ने कोई गलत बात नहीं बोली है, लेकिन कांग्रेस इससे असहज जरूर हो सकती है। अब देखना ये है कि कांग्रेस इसे थरूर की एक और भूल समझकर चुप्पी साध लेती है या कोई बड़ा फैसला करती है। अब तक देखा गया है कि कांग्रेस की राज्य इकाई या अन्य कम महत्वपूर्ण नेता तो थरूर को लेकर तंज कसते रहे हैं मगर कभी कांग्रेस आलाकमान की तरफ से कोई बात नहीं कही गई है। उन्हें साइडलाइन करने की कोशिश तो हुई है, मगर बड़ी कार्यवाही भी नहीं हुई है। केरल स्थानीय चुनाव रिजल्ट के बाद अब देखना होगा कि कांग्रेस क्या करती है।


फ़रीद वारसी

# कांग्रेस में अपनों के द्वारा उठी "नेतृत्व परिवर्तन" की मांग

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान वंदेमातरम के 150 साल पूरे होने पर और चुनाव सुधार पर हुई चर्चा के दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच खूब आरोप–प्रत्यारोप के तीर चले। तो वहीं इससे इतर बीते दिनों लोकसभा में ही एक अनोखा नजारा दिखा। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी सरकार से भिड़े नहीं, बल्कि सहयोग का हाथ बढ़ाते दिखे। वह भी ऐसे मुद्दे पर, जिसने दिल्ली से लेकर देशभर की सांसें भारी कर रखी हैं। यानी वायु प्रदूषण के मुद्दे पर। राहुल गांधी ने संसद में कहा कि प्रदूषण सिर्फ दिल्ली या किसी एक राज्य का मुद्दा नहीं, बल्कि पूरे देश के स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए बड़ा संकट है। उन्होंने कहा कि इस पर दलगत राजनीति छोड़कर सभी पार्टियों को साथ बैठना चाहिए और अगले 5–10 साल के लिए एक ठोस प्लान बनाना चाहिए। यहां तक तो सब कुछ ठीक था। लेकिन इस दौरान कांग्रेस के अंदर से वह हुआ, जिसकी उम्मीद कांग्रेस ने नहीं की थी। विदित हो कि ओडिशा कांग्रेस के एक नेता मोकिम ने सोनिया गांधी को पत्र लिखकर पार्टी के डीप स्ट्क्चरल और आइडिलॉजिकल रिन्यूअल की मांग की है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि एक सदी पुरानी विरासत हाथ से फिसल रही है। यह दूसरों की हार नहीं बल्कि हमारे अपने ही फैसलों की वजह से हो रहा है। मोकिम ने पांच पन्नों का यह पत्र सोनिया गांधी को 8 दिसंबर को भेजा था। उन्होंने ओडिशा में लगातार छह हार और लोकसभा चुनावों में लगातार तीन हार के साथ बिहार, दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र और जम्मू–कश्मीर में 2024 के बाद से हुई



हार पर गहरा दुख जताया।

ओडिसा के कांग्रेस नेता मोकिम ने अपने पत्र की शुरुआत करते हुए लिखा है कि महोदया, मैं आज आपको बहुत पीड़ा के साथ लिख रहा हूं। उन्होंने कहा कि गलत फैसलों, नेतृत्व के गलत चुनाव और गलत हाथों में जिम्मेदारी देने की वजह ने पार्टी को भीतर से कमजोर कर दिया है। अगर नहीं जागे तो हम विरासत में मिली कांग्रेस पार्टी को खो सकते हैं। बता दें कि इस खत पर अब तक सोनिया गांधी और कांग्रेस पार्टी की कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। मोकिम की शिकायतों की लंबी लिस्ट में उनका राहुल गांधी से न मिल पाना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन सालों से वह राहुल गांधी से मिलने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन मुलाकात हो ही नहीं पा रही। यह कोई व्यक्तिगत शिकायत नहीं बल्कि पूरे देश में कार्यकर्ताओं द्वारा महसूस किए जा रहे अलगाव को दिखाता है। कार्यकर्ता खुद को अनदेखा और अनसुना महसूस करते हैं। अपने पत्र में उन्होंने पार्टी नेतृत्व और जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं के बीच "बढ़ती दूरी" को लेकर कड़ी नाराजगी जताई। बाराबती–कटक से विधायक रहे और खुद को कांग्रेस का आजीवन समर्पित कार्यकर्ता बताने वाले मोहम्मद मोकिम ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की नेतृत्व शैली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 83 साल के खरगे भारत के युवा वर्ग से जुड़ने में असफल रहे हैं, जो देश की आबादी का 65 फीसदी हिस्सा हैं। मोकिम ने कहा कि ज्योतिरादित्य सिंधिया, मिलिंद देवरा, हिमंत बिस्वा सरमा जैसे कई उभरते युवा नेताओं ने इसलिए पार्टी छोड़ दी क्योंकि वे खुद को 'उपेक्षित, 'नजरअंदाज और 'अनसुना महसूस करते थे। उन्होंने सुझाव दिया कि वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी को केंद्रीय भूमिका में आकर प्रत्यक्ष और सक्रिय नेतृत्व संभालना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि सचिन पायलट, डी.के. शिवकुमार, ए. रेवंत रेड्डी, शशि थरूर जैसे नेताओं को पार्टी की मुख्य नेतृत्व टीम का आधार बनना चाहिए। मोकिम ने कहा कि पार्टी की मौजूदगी भौगोलिक, संगठनात्मक और भावनात्मक स्तर पर लगातार सिमटती जा रही है। जिन समर्पित कार्यकर्ताओं ने अपना पूरा जीवन पार्टी को दिया है, उनके लिए यह स्थिति सिर्फ निराशाजनक नहीं, बल्कि वास्तव में दिल तोड़ देने वाली है। पूर्व विधायक ने कहा कि बिहार, दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र और जम्मू–कश्मीर में हालिया चुनाव परिणाम केवल चुनावी झटके नहीं हैं, बल्कि यह गहरे संगठनात्मक अलगाव को दर्शाते हैं। इन चुनावों में कांग्रेस को भारी अंतर से हार झेलनी पड़ी थी। सोनिया गांधी को लिखे अपने पत्र में मोकिम ने कहा कि यह कोई व्यक्तिगत शिकायत नहीं, बल्कि पूरे भारत में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा महसूस किए जा रहे बड़े भावनात्मक अलगाव का संकेत है। बाराबती–कटक के पूर्व विधायक मोहम्मद मोकिम को निचली अदालत ने भ्रष्टाचार का दोषी ठहराए जाने के बाद 2024 के ओडिशा चुनाव लड़ने से रोक दिया गया था।

# यूपी में पंकज चौधरी को कमान

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने जब 13 दिसंबर को उत्तर प्रदेश अध्यक्ष के लिए नामांकन किया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं प्रस्तावक की भूमिका निभाई, तभी तय हो गया था कि भाजपा का केन्द्रीय नेतृत्व पंकज चौधरी को यूपी की कमान सौंपने वाला है। इसके बाद तो सब कुछ रस्म अदायगी के रूप में हुआ। पंकज चौधरी को 14 दिसंबर को बाकायदा उत्तर प्रदेश का भाजपा अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। संगठन और सरकार में एकरसता बनी रहेगी, यह प्रयास किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा भी कि सरकार और संगठन मिलकर यूपी का विकसित राष्ट्र–राज्य का संकल्प नई गति से पूरा करेंगे। नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के सामने निश्चित रूप से बहुत बड़ी जिम्मेदारियां हैं लेकिन उनका अनुभव और व्यवहार उनको सफलता की मंजिल तक पहुंचाएगा। वह अपने पूर्ववर्तियों की गरिमा बनाए रखेंगे।भारतीय जनता पार्टी के 1980 में गठन के बाद से 2017 तक लगातार प्रदेश अध्यक्ष पद पर ब्राह्मण वर्ग का कब्जा रहा था। पिछले 10 वर्षों में स्थिति बदली है। ओबीसी वर्ग ने पार्टी की राजनीति में लंबी छलांग लगाई है। यूपी चुनाव 2027 को देखते हुए एक बार फिर यूपी बीजेपी अध्यक्ष पद को लेकर ओबीसी चेहरे को ही आगे किए जाने की बात सामने आ रही है। बिहार चुनाव में भाजपा की सफलता के बाद अब पार्टी एक बार फिर यूपी में सत्ता में वापसी के लिए समीकरणों को मजबूत करने में जुटी है। इसके लिए दमदार चेहरे के साथ चुनावी साल में तैयारियों को पूरा कराने की तैयारी है। भाजपा की स्थापना वर्ष 1980 से लेकर अब तक उत्तर प्रदेश में कुल 15 चेहरे प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। इनमें सिर्फ कलराज मिश्र ऐसे नेता रहे हैं, जिन्हें दो बार यूपी बीजेपी अध्यक्ष बनने का अवसर मिला। अन्य सभी अध्यक्ष एक–एक बार ही इस पद पर आसीन हुए। इस प्रकार यूपी भाजपा के 17 अध्यक्ष इस पद पर पिछले 45 वर्षों में सेवा दे चुके हैं। बीते 45 वर्षों के संगठनात्मक इतिहास में बीजेपी ने यूपी में सबसे अधिक छह ब्राह्मण अध्यक्ष बनाए हैं।यूपी बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पद पर इसके अलावा तीन कुर्मी, एक लोधी, एक मौर्य, एक राजपूत, एक भूमिहार और एक जाट समाज से प्रदेश अध्यक्ष चुने गए हैं। कुर्मी प्रदेश अध्यक्ष में ओम प्रकाश सिंह, विनय कटियार और स्वतंत्र देव सिंह शामिल हैं। तीनों ने पार्टी को बड़ी सफलता दिलाई। अब इसी समाज से पंकज चौधरी ने यूपी की कमान संभाली है। बीजेपी की यूपी इकाई के पहले अध्यक्ष माधो प्रसाद त्रिपाठी बने थे। वर्ष 1980 में अध्यक्ष बने माधो प्रसाद त्रिपाठी 1984 तक इस पद पर रहे। लोकसभा सांसद रह चुके त्रिपाठी की अगुवाई में ही बीजेपी ने उत्तर प्रदेश में अपनी राजनीतिक जमीन तैयार करने की शुरुआत की। माधो प्रसाद त्रिपाठी के बाद 1984 से 1990 तक कल्याण सिंह को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। लोधी समाज से आने वाले कल्याण सिंह बाद में 19 महीनों तक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री भी रहे। उनके कार्यकाल के दौरान बीजेपी ने ओबीसी राजनीति में अपनी मजबूत पहचान बनाई। पार्टी से मतभेदों के चलते वह कुछ समय के लिए अलग भी रहे, लेकिन 2014 में बीजेपी की सत्ता में वापसी के बाद उन्होंने दो राज्यों के राज्यपाल के रूप में भी जिम्मेदारी निभाई। 1991 से 1997 तक कलराज मिश्र यूपी बीजेपी अध्यक्ष रहे। यह दौर प्रदेश की राजनीति में मंडल और कमंडल की टकराहट के लिए जाना जाता है। इसी समय अयोध्या में बाबरी मस्जिद का विवादित ढांचा गिराया गया, जिसने राज्य और देश की राजनीति को गहराई से प्रभावित किया।कलराज मिश्र के बाद बीजेपी ने राजनाथ सिंह को प्रदेश अध्यक्ष बनाया। मार्च 1997 से जनवरी 2000 तक अध्यक्ष रहे राजनाथ सिंह बाद में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री भी बने। क्षत्रिय वर्ग से आने वाले राजनाथ सिंह ने संगठन और सरकार दोनों स्तरों पर मजबूत पकड़ बनाई। मौजूदा समय में वह देश के रक्षा मंत्री का दायित्व निभा रहे हैं।

राजनाथ सिंह के बाद जनवरी 2000 से अगस्त 2000 तक मीरजापुर निवासी ओम प्रकाश सिंह को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। कुर्मी समाज से आने वाले ओम प्रकाश सिंह का कार्यकाल महज सात महीने का रहा, लेकिन वह पार्टी और सरकार दोनों में अहम भूमिकाएं निभा चुके थे। इसके बाद वर्ष 2000 के बाद एक बार फिर कलराज मिश्र को पार्टी ने कमान सौंपी। इसके बाद विनय कटियार को यूपी बीजेपी अध्यक्ष बनाया गया। कुर्मी समाज से आने वाले विनय कटियार राम मंदिर आंदोलन के प्रमुख चेहरों में गिने जाते हैं। उनके कार्यकाल में 2004 के लोकसभा चुनाव का माहौल बन रहा था। इसलिए भाजपा ने ब्राह्मणों को बागडोर सौंपी।केशरीनाथ त्रिपाठी से लेकर रमापति राम त्रिपाठी तक यह युग रहा।सन् 2004 से 2007 तक केशरीनाथ त्रिपाठी प्रदेश अध्यक्ष रहे। वह यूपी विधानसभा के स्पीकर और बाद में पश्चिम बंगाल, मिजोरम और बिहार के राज्यपाल भी बने। इसके बाद 2007 से 2010 तक डॉ. रमापति राम त्रिपाठी को पार्टी की प्रदेश इकाई की जिम्मेदारी दी गई। वह सांसद और विधायक दोनों रह चुके हैं। मई 2010 से अप्रैल 2012 तक सूर्य प्रताप शाही यूपी बीजेपी अध्यक्ष रहे। भूमिहार समाज से आने वाले सूर्य प्रताप शाही वर्तमान में योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। उनके बाद लक्ष्मीकांत वाजपेई को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। वाजपेई के कार्यकाल में 2014



के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने यूपी में ऐतिहासिक जीत दर्ज की। इसके बाद भाजपा ने जातीय समीकरण सुधारा, सन् 2016 से 2017 तक केशव प्रसाद मौर्य प्रदेश अध्यक्ष रहे। उनके नेतृत्व में 2017 विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई। बाद में वह डिप्टी सीएम बने। इसके बाद अगस्त 2017 से जुलाई 2019 तक महेंद्र नाथ पांडेय प्रदेश अध्यक्ष रहे, जिनके कार्यकाल में 2019 लोकसभा चुनाव में बीजेपी को 62 सीटें मिलीं। जुलाई 2019 से अगस्त 2022 तक स्वतंत्र देव सिंह यूपी बीजेपी अध्यक्ष रहे। कुर्मी समाज से आने वाले स्वतंत्र देव सिंह की अगुवाई में पार्टी ने 2022 में दोबारा सरकार बनाई, हालांकि सीटों में गिरावट दर्ज की गई। वर्ष 2022 में चौधरी भूपेंद्र सिंह यूपी बीजेपी अध्यक्ष बने। जाट समाज से आने वाले भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में बीजेपी को 2024 के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन से बड़ा झटका लगा। प्रदेश में भाजपा 33 सीटों पर सिमट गई। हालांकि, इसके बाद हुए विधानसभा उपचुनावों में पार्टी ने 9 में से 6 सीटें जीतकर आंशिक वापसी की। भाजपा ने उप चुनावों में स प ा को करारा जवाब दिया। अब पंकज चौधरी को पहले स्थानीय निकाय चुनाव और बाद में 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा का परचम फहराना होगा। (हिफी)

# भाजपा ने नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर एक तीर से कई निशाने साधे, समझिए सियासी मायने

देखा जाए तो भाजपा आलाकमान का यह कदम बिहार में भाजपा की मजबूती को राष्ट्रीय स्तर पर जोड़ता है, जहां नितिन नबीन कायस्थ समाज से आते हैं जो पार्टी का पारंपरिक वोट बैंक है। वहीं, बिहार सरकार में मंत्री रहते हुए उन्हें दिल्ली में आधिकारिक आवास और केंद्रीय मंत्री जैसी सुविधाएं मिलेंगी।समकालीन भाजपा के कुशल सियासी शिल्पी समझे जाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी का चाणक्य करार दिए जाने वाले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की युगल प्रभावशाली जोड़ी ने 14 दिसंबर को यकायक पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में तीसरी पीढ़ी के कद्दावर और सूझबूझ वाले युवा नेता नितिन नबीन के नाम की घोषणा करवाकर न केवल सबको चौंकाया है, बल्कि एक तीर से कई सियासी निशाने भी साधे हैं। इसके सियासी मायने भी दूरगामी और दिलचस्प साबित होंगे, क्योंकि मोदी–शाह के सियासी तरकश से निकले इस प्रभावी तीर ने आरएसएस–भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को भी आश्चर्य चकित कर दिया है।बताते चलें कि भारतीय जनता पार्टी ने बिहार में सत्तारूढ़ राजग के नीतीश सरकार में भाजपा कोटे के कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन को गत दिनोंतत्काल प्रभाव से राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है, जिससे खुद पार्टी के कार्यकर्ता भी पशोपेश में पड़कर चौंक गए हैं और इस अप्रत्याशित निर्णय को सराहा, क्योंकि यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कार्यकाल की समाप्ति और उनको मिले बार–बार कार्य विस्तार की अवधि के दौरान आई है, जो नए पूर्णकालिक अध्यक्ष के चुनाव तक संगठन की कमान संभालेंगे। हालांकि, इस बात की सुगबुगाहट लंबे अरसे से जारी थी और बड़े–बड़े नाम इस होड़ में शामिल थे। इसलिए नितिन नबीन की नियुक्ति से मोदी–शाह का सियासी पलड़ा पुनः भारी प्रतीत हुआ है।

जहां तक इस नियुक्ति के कारण की बात है तो पार्टी ने नितिन नबीन के संगठनात्मक अनुभव, जमीनी पकड़, प्रशासनिक क्षमता और सिक्किमध्छत्तीसगढ़ में प्रभारीध्सह–प्रभारी के रूप में उनकी उल्लेखनीय सफलता को आधार बनाया है। बताया जाता है कि पांच बार विधायक और तीन बार मंत्री रह चुके नितिन नबीन बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र, पटना पश्चिम इलाके से हैं तथा बूथ स्तर प्रबंधन में माहिर माने जाते हैं। यही वजह है कि उनकी इस नई नियुक्ति का बिहार सहित पूर्वी भारत की सियासत पर भी इसका एक सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।देखा जाए तो भाजपा आलाकमान का यह कदम बिहार में भाजपा की मजबूती को राष्ट्रीय स्तर पर जोड़ता है, जहां नितिन नबीन कायस्थ समाज से आते हैं जो पार्टी का पारंपरिक वोट बैंक



है। वहीं, बिहार सरकार में मंत्री रहते हुए उन्हें दिल्ली में आधिकारिक आवास और केंद्रीय मंत्री जैसी सुविधाएं मिलेंगी। दरअसल पार्टी उनके मनोनयन की राष्ट्रीय रणनीति से सुपरिचित है जोकि जेनरेशन नेक्स्ट को बढ़ावा देती है तथा बंगाल चुनाव जैसी चुनौतियों के लिए समय रहते ही तैयार करती है।

## अपना दल एस की बैठक में संगठन विस्तार व पंचायत चुनाव पर मंथन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। झिंगाघाट स्थित अपना दल एस के जिला कार्यालय पर पार्टी की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष गिरीश पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, सदस्यता अभियान को गति देने तथा आगामी पंचायत चुनावों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। पार्टी के वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश पटेल के अपना दल एसके मुख्य संगठन में प्रदेश सचिव मनोनीत होने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर व अंगवस्त्र भेंट कर उनका भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। अपने संबोधन में ओम प्रकाश पटेल ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल, प्रदेश अध्यक्ष आरपी गौतम तथा उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष सिंह पटेल का धन्यवाद किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने और जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने का आह्वान किया। बैठक में अर्जुन सिंह पटेल, अविनाश साहू, सत्येंद्र वर्मा, डॉ. रामगोपाल प्रजापति, शकील अहमद, राम मोहन पटेल, अर्जुन सिंह लोधी, राम समुझ यादव, विवेक जाटव, मदनलाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाबागंज, गोण्डा। आयुष्मान श्रीनगर उपकेंद्र बाबागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जिसमें प्रभारी डॉ दीक्षा सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटियाथोक ने मरीज को देखा तथा उचित उपचार के लिए दवा लिखी।

चंद्रावती, तिलकदार, निजामुद्दीन, मिश्रा रीता अतीक अहमद आदि लोगों ने अपनी बीमारी बता कर दवाई ली। लैब टेक्नीशियन मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि यहाँ पर डेंगू, शुगर, एचबी, आरबीएस गर्भवती महिला आदि की जांच की गई। वार्डबॉय विकास मिश्रा, राजेश शुक्ला व फार्मेसी अजय कुमार एवं संबंधित क्षेत्र एनम पूजा, रीता मिश्रा, सुमन देवी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री चंद्रावती, गीता श्रीवास्तव, राजकुमारी, नंदिनी, संबंधित क्षेत्र की आशाएं कमलावती, सुनीता शुक्ला, साधना सोनकर, मिथिलेश तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

## आटो की टक्कर से ठेलिया चालक बुजुर्ग घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिधौली। रविवार शाम सिधौली के गोधना हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रतार ऑटो ने सड़क किनारे जा रहे एक ठेलिया को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ठेलिया चला रहे बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि टक्कर के बाद ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। आसपास मौजूद राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए घायल बुजुर्ग को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सिधौली पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि बुजुर्ग उछलकर सड़क पर गिर पड़े और गंभीर चोटें आईं। घायल की पहचान अयोध्या (55 वर्ष) पुत्र नन्हकऊ निवासी गुलहरिया के रूप में हुई है। सीएचसी सिधौली में रविवार शाम करीब 7 बजे तक उनका इलाज चलता रहा। चिकित्सकों के अनुसार, बुजुर्ग की हालत गंभीर बनी हुई है और उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। स्थानीय लोगों ने गोधना हाईवे पर बढ़ते हादसों पर चिंता जताते हुए प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था और यातायात नियंत्रण मजबूत करने की मांग की है।

## अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की बैठक आयोजित



न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें 1971 में पाकिस्तान से युद्ध में भारत की ऐतिहासिक जीत एवं बांग्लादेश को आजाद कराने पर हर वर्ष विजय दिवस के रूप में मनाते हैं। 16 दिसंबर को विजय दिवस के रूप में भी जिले के सभी पूर्व सैनिकों को परिचय कराया गया।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि में लेटिनेंट कर्नल वीरेंद्र सिंह तोमर अध्यक्ष अवध प्रांत एवं जिला प्रचारक आकाश, प्रांत सचिव विनोद तिवारी, प्रांत सचिव राहुल सिंह ने भारत माता एवं सरस्वती व सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण पुष्प अर्पित किया। कार्यक्रम की शुरुआत संगठन के गीत के साथ आगे बढ़ाया गया। विनोद तिवारी ने संगठन का परिचय कराया। संगठन किस प्रकार काम करता है इस पर राहुल सिंह ने प्रकाश डाला। जिला प्रचारक ने एवं विद्यालय के प्रबंधक ज्ञानेन्द्र सिंह ने अपने विचार व्यक्त किये। प्रांत अध्यक्ष लेटिनेंट कर्नल वीरेंद्र सिंह तोमर ने जिलाध्यक्ष आलोक सिंह शेखावत समेत सभी को बधाई देते हुए विश्वास दिलाया कि संगठन सीतापुर के सभी पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवार तथा शहीद परिवार के साथ सुख दुख में सदैव उनके साथ रहेंगे एवं उनकी समस्याओं को दूर कराने की पूरी कोशिश करेंगे। धन्यवाद एवं राष्ट्रगान के बाद बैठक को संपन्न किया गया। इस मौके पर प्रांत अध्यक्ष अवध प्रांत लेटिनेंट कर्नल वीरेंद्र सिंह तोमर, जिला प्रचारक आकाश, ज्ञानेन्द्र सिंह शेखावत, प्रांत सचिव विनोद तिवारी, प्रांत सचिव राहुल सिंह तोमर एवं कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जयघोष के साथ संपन्न किया गया, उपरोक्त जानकारी अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिलाध्यक्ष द्वारा दी गई।

## पुलिस ने महिलाओं को सुरक्षा, सहायता व सरकारी योजनाओं से किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मुख्यमंत्री द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के अंतर्गत तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना भरेह पर गठित मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र में महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयेजित किया गया। इस दौरान महिलाओं को सुरक्षा, सहायता सेवाओं एवं सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समेकित जानकारी दी गई। मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवाएं 102 व 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही साइबर अपराध से बचाव के लिए ओटीपी साझा न करने, अज्ञात लिंक पर क्लिक न करने एवं ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को विधवा एवं वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की संयुक्त जानकारी देकर उनके उद्देश्य, पात्रता एवं लाभ के बारे में अवगत कराया गया। मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से इटावा पुलिस का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के साथ–साथ उन्हें सरकारी सुविधाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है।

## भगवान पार्श्वनाथ की निकली शोभायात्रा, चांदी के रथ पर सवार होकर किया नगर भ्रमण



वाराणसी,(संवाददाता)। जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के जन्मोत्सव पर काशी में भव्य शोभायात्रा श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ निकाली गई। इस ऐतिहासिक शोभायात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहीं। पूरा वातावरण जयकारों, भजनों और मंगल धुनों से भक्तिमय हो उठा। भगवान पार्श्वनाथ को चांदी के भव्य हाथी रथ पर विराजमान किया गया था। शोभायात्रा जहां–जहां से गुजरी, वहां श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर प्रभु का स्वागत किया और जगह–जगह आरती उतारी। भक्त भगवान के भजन गाते हुए चल रहे थे, वहीं शहनाई की मधुर मंगल धुनों ने श्रद्धालुओं को भाव–विभोर कर दिया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन की ओर से जगह–जगह पुलिस बल तैनात रहा। यह भव्य शोभायात्रा ग्वाल दास साहू लेन स्थित पंचायती दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर चौक, बांसफाटक, गदौलिया, सोनारपुर, जंगमबाड़ी सहित प्रमुख मार्गों से होते हुए भेलूपुर स्थित भगवान पार्श्वनाथ की जन्मस्थली पहुंचकर संपन्न हुई। मार्ग के दोनों ओर खड़े श्रद्धालु प्रभु के दर्शन कर स्वयं को धन्य महसूस करते नजर आए। शोभायात्रा की जानकारी देते हुए दिगंबर जैन समाज काशी के उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक राकेश जैन ने बताया कि भगवान पार्श्वनाथ के जन्मोत्सव के अवसर पर प्रभु नगर भ्रमण पर निकले। इस दौरान बैंड–बाजे, हाथी–घोड़े तथा अत्यंत कीमती साज–सामान के साथ भव्य सवारी निकाली गई। उन्होंने कहा कि शोभायात्रा जिस भी मार्ग से गुजरी, वहां श्रद्धालुओं ने आरती उतारकर और पुष्प वर्षा कर प्रभु का स्वागत किया। भेलूपुर स्थित भगवान पार्श्वनाथ की जन्मस्थली पहुंचने के बाद 108 स्वर्ण–रजत कलशों से भगवान का विधिवत पूजन–अभिषेक किया गया। इस दौरान श्रद्धालु पूरी तरह श्रद्धा भाव से सराबोर नजर आए और वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया।

## आखिर कब जागेगा PWD विभाग

आजमगढ़ निजाबाद से मिर्जापुर ब्लॉक को जोड़ने वाली रोड पर दत्तात्रेय धाम के सामने सरायमीर से निजामाबाद की तरफ जा रहे हैं शौकत पुत्र फईमुद्दीन व अतहर का रोड पर नीलगाय आने से एक्सीडेंट हो गया जिसमें शौकत को काफी गंभीर चोटें आई । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घायल होने के बाद तुरंत एंबुलेंस को फोन किया गया लेकिन आधा घंटा इंतजार करने के बाद एंबुलेंस नहीं पहुंच पाई इसके बाद आनन फान में लोगों ने अपनी खुद की गाड़ी बुलाकर घायल को अस्पताल लेकर गए । दुर्घटना के बाद लोगों में दहशत का माहौल रहा,लोग आपस में पीडब्ल्यूडी विभाग व सरकार को कोसते हुए नजर आए सभी लोगों का कहना था की सड़क किनारे जो यह झाड़ियां हैं काफी खतरनाक है इसमें से जंगली जानवर कब बाहर निकल जाएंगे यह पता नहीं चलता । जिससे हमेशा दुर्घटना का डर बना रहताहै । साथ ही जहां यह एक्सीडेंट हुआ है वह अंधा मोड़ है । रोड पर कहीं भी किसी तरह का इंडिकेशन बोर्ड नहीं लगा है जिससे आए दिन यहां पर एक्सीडेंट होते रहते हैं ।आखिर कितने परिवारों के घायल करने के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग जागेगा यह एक पहेली बना हुआ है । निजामाबाद तहसील से मिर्जापुर ब्लॉक को जोड़ने वाली सड़क पर लगभग हर जगह 2 से 3 फीट तक झाड़ियां का कब्जा बना हुआ है जिससे आम जनमानस को हमेशा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है । जिसे आए दिन घटनाएं भी हो रही है ।

## दहेज हत्या के दोषी पति-सास को उम्रकैद

वाराणसी,(संवाददाता)। वाराणसी विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) रविंद्र कुमार श्रीवास्तव की कोर्ट ने दहेज हत्या के मामले में दोषी पति जितेंद्र कुमार और सास फूलमती को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही आरोपी पर चार–चार हजार का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड न अदा करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, कोपागंज मऊ निवासी वादी रमेश भारतीय ने कैंट थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। आरोप लगाया कि बड़ी बहन शारदा की शादी मई 2017 में बलिया के नरही चौरा निवासी जितेंद्र के साथ हुई थी। कुछ दिन के बाद ससुराल के लोग बहन को दहेज के लिए परेशान करने लगे। बहन पुलिस लाइन वाराणसी खजुरी सरकारी आवास में पति व सास के साथ रहती थी। दहेज में पांच लाख रुपए की मांग कर रहे थे, इसी बात को लेकर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देते थे। 9 अक्तूबर 2021 की सुबह में बहन के पति व सास मिलकर मिट्टी का तेल डालकर बहन को जला दिया। जिसमें अन्य लोग भी लिप्त हो सकते हैं। घटना की सूचना मिलने पर खजुरी कॉलोनी घटनास्थल पर आया। देखा बहन का शव पड़ा था। कोर्ट में अभियोजन की ओर से नौ गवाह पेश किए। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने और साक्ष्य के अवलोकन के बाद आरोपी पति और सास को दोषी पाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। जितेंद्र के पिता एसआई थे और उस समय ड्यूटी पर होने का साक्ष्य मिला। हालांकि कोर्ट का फैसला सुनने के बाद दोषियों की आंखों में आंसू थे और अपने किए पर पछतावा कर रहे थे।

## यूपीपीएससी के खिलाफ छात्रों का महाआंदोलन

### आयोग पर अभ्यर्थियों के गंभीर आरोप, छात्रों की पुलिस से झड़प, सड़क पर घसीटा, भारी संख्या में पुलिस बल जवान रोकने में लगा



प्रयागराज(संवाददाता )। उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग की भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और पारदर्शिता की मांग को लेकर सोमवार को प्रयागराज में माहौल गरमा गया। बड़ी संख्या में प्रतियोगी छात्र–छात्राएं लोकसेवा आयोग के गेट नंबर दो के बाहर एकत्र हुए और हाथों में पोस्टर–बैनर लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। छात्रों का आरोप है कि भर्ती परीक्षाओं में जवाबदेही की कमी है और आयोग उनकी जायज मांगों को लगातार नजरअंदाज कर रहा है। इस दौरान उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सामने छात्रों और पुलिसकर्मियों के बीच झड़प हो गई। जमकर धक्का–मुक्की हुई। छात्र गेट के बाहर बैठकर प्रदर्शन कर रहे थे, जिससे सड़क पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई। जाम खुलवाने के लिए पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और छात्रों को वहां से हटाने लगा, लेकिन छात्रों ने हटने से मना कर दिया।पुलिस ने जब उन्हें उठाने की कोशिश की तो झड़प हो गई। काशी के छात्र अखिलेश यादव पुलिसवालों से भिड़ गए। पुलिसवालों ने उन्हें सड़क पर घसीटा और टांगकर वहां से हटाया। इस दौरान एक दरोगा भी सड़क पर गिर गया। फिलहाल, छात्रों को रोकने के लिए आरएएफ, पीएसी और पुलिस के करीब 300 जवान तैनात हैं। आयोग के गेट के बाहर बैरिकेडिंग कर दी। ड्रोन से निगरानी की जा रही है। अभी 200 से ज्यादा छात्र प्रदर्शन कर रहे हैं और उनकी संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।छात्रों का कहना है कि पीसीएस प्री–2024 और आरओ–एआरओ प्री–2023 के रिजल्ट में लोक सेवा आयोग ने पारदर्शिता नहीं बरती है। उनकी मांग है कि रिजल्ट जारी करने के बाद फाइनल आंसर–की जारी की जानी चाहिए, ताकि छात्र अपने उत्तरों का सही मिलान कर सकें। रिजल्ट जारी होने के बावजूद विभिन्न वर्गों के कट–ऑफ नंबर सार्वजनिक नहीं किए गए हैं जिससे छात्रों में संदेह और गुस्सा है। छात्रों की यह भी मांग है कि आयोग को सभी पास और फेल छात्रों के नंबर तुरंत सार्वजनिक करने चाहिए, ताकि उन्हें पता चल सके कि वे कहां पीछे रह गए। इस आंदोलन को हुंकार मंच समेत कई प्रतियोगी छात्र संगठनों का समर्थन मिला। अलग–अलग जिलों से आए छात्र सुबह से ही आयोग परिसर के बाहर जुटने लगे थे। छात्रों ने आयोग के खिलाफ नारेबाजी की और भर्ती प्रक्रिया में सुधार की मांग को लेकर धरना दिया। देखते ही देखते यह प्रदर्शन महाआंदोलन का रूप लेने लगा। प्रदर्शन के दौरान छात्र आशुतोष पांडेय की अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, वाराणसी से प्रयागराज आ रहे समाजवादी छात्रसभा बीएचयू इकाई अध्यक्ष हिमांशु यादव समेत कई छात्रों को हिरासत में ले लिया गया है। उन्हें बीएचयू चौकी पुलिस में रखा गया है।

## दरोगा का सिर फोड़ा, सिपाही भी घायल

### चाकू लेकर दहशत फैला रहे युवक को पकड़ने गई पुलिस पर हमला

प्रयागराज(संवाददाता )। दारागंज थाना क्षेत्र में शास्त्री पुल के नीचे शनिवार रात डायल 112 की टीम पर जानलेवा हमला किया गया। सार्वजनिक स्थान पर हंगामा कर रहे एक युवक को काबू में करने पहुंची पुलिस टीम पर आरोपियों ने लाठी से हमला कर दिया। इस घटना में डायल 112 की 97 नंबर गाड़ी में तैनात एक उप निरीक्षक और एक मुख्य आरक्षी गंभीर रूप से घायल हो गए। दारागंज पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार रात करीब 11 बजे डायल 112 को सूचना मिली कि शास्त्री पुल के नीचे राजा नाम का युवक चाकू लेकर लोगों को जान से मारने की धमकी दे रहा है, जिससे मौके पर अफरा–तफरी का माहौल बना हुआ है। सूचना मिलते ही पीआरवी–0097 में तैनात उप निरीक्षक हितेन्द्र सिंह और मुख्य आरक्षी राहुल कुमार मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि आरोपी राजा लोगों से झगड़ा कर रहा था और स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई थी। पुलिस टीम ने सूझबूझ दिखाते हुए आरोपी को काबू में लिया और थाने ले जाने के लिए पुलिस वाहन में बैठाने लगी। इसी दौरान अचानक आरोपी राजा का भाई शिवमोहन पुत्र मन्नू लाल, निवासी नांदीतौरा, थाना पहाड़ी, जनपद चित्रकूट, वहां पहुंचा और जान से मारने की नीयत से लाठी से पुलिस टीम पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में उप निरीक्षक हितेन्द्र सिंह के सिर पर जोरदार वार किया गया, जिससे उनका सिर फट गया और गंभीर चोट आई। वहीं मुख्य आरक्षी राहुल कुमार के कंधे और पैर में भी चोटें आई।हमले के बावजूद पुलिस टीम ने हिम्मत नहीं हारी और मौके पर ही दोनों आरोपियों राजा और शिवमोहन को काबू में कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लाठी बरामद कर दोनों आरोपियों को थाना दारागंज लाया।घटना की जानकारी मिलते ही थाने पर अफरा–तफरी मच गई। घायल दोनों पुलिसकर्मियों को तत्काल प्राथमिक उपचार दिलाया गया। उप निरीक्षक हितेन्द्र सिंह और मुख्य आरक्षी राहुल कुमार दोनों ही डायल 112 की 97 नंबर पीआरवी में तैनात हैं। उपचार के बाद दोनों को घर भेज दिया गया है। फिलहाल दोनों की हालत स्थिर बताई जा रही है।दारागंज थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर मिश्र ने बताया कि इस मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस पर हमला, सरकारी कार्य में बाधा और जानलेवा हमला जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि माघ मेले के दौरान बड़ी संख्या में सफाईकर्मी शास्त्री पुल के नीचे रहते हैं।

## आटो पलटा, भारी मात्रा में गोमांस बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

प्रयागराज(संवाददाता )। मेजा थाना क्षेत्र के पथरा गांव में देर रात गोमांस से लदा एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। करछना की ओर से आ रहे इस ऑटो के पलटने पर ग्रामीणों ने मदद के लिए दौड़ लगाई। भीतर देखने पर पता चला कि उसमें इंसानी सामान की जगह गोमांस के टुकड़े भरे हुए थे। इस घटना से अवैध गोमांस तस्करी का खुलासा हुआ।ग्रामीणों का सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। ऑटो में पांच तस्कर सवार थे, जिनमें से चार अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।पुलिस ने मौके से केवल एक आरोपी को गिरफ्तार किया। इस घटना के बाद क्षेत्र में गौ तस्करी के खिलाफ लोगों में आक्रोश फैल गया।इस खुलासे के बाद सोमवार को गौ रक्षा संकल्प से जुड़े कार्यकर्ताओं ने मेजा थाने का घेराव किया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि मेजा और कोरांव क्षेत्र में गौ तस्करों का कारोबार बेखौफ चल रहा है।

## अर्पित की पुस्तक "तुम्हारा जवाब" का विमोचन



प्रयागराज(संवाददाता )। साहित्य और संस्कृति के पावन संगम तीर्थराज प्रयागराज में काव्यांगन हिंदी की राष्ट्रीय संस्था के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन एवं ग्रंथ विमोचन समारोह राज्य शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान में हुआ। इस साहित्यिक महाकुंभ में देश के विभिन्न प्रांतों से पधारे कवियों, रचनाकारों एवं साहित्यप्रेमियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि नैनी जेल के सीनियर जेल सुप्रिटेंडेंट विक्रम सिंह रहे, जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार महेंद्र राय ने की। मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया गया। इसके पश्चात मां सरस्वती एवं काव्यांगन संस्था के संस्थापक डॉ. रामकृष्ण शर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। दिल्ली से पधारीं आभा त्रिवेदी द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना ने सभागार को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। काव्यांगन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमापति त्रिवेदी ने अभिनंदन ग्रंथ का वाचन किया।मुख्य अतिथि विक्रम सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भौतिकता से परिपूर्ण वर्तमान युग में साहित्य मानव मन को संतुलन, संवेदना और संतोष प्रदान करता है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विश्व रिकॉर्ड धारक एवं सुप्रसिद्ध युवा साहित्यकार अर्पित सर्वेश की नवीन पुस्तक "तुम्हारा जवाब" का भव्य लोकार्पण रहा। साहित्यप्रेमियों की उपस्थिति में संपन्न इस अवसर पर वक्ताओं ने पुस्तक को एक अभिनव, विचारोत्तेजक और आत्ममंथन की ओर ले जाने वाली साहित्यिक कृति बताया।वक्ताओं के अनुसार, अर्पित सर्वेश की लेखनी पाठकों को केवल पठनीय आनंद ही नहीं देती, बल्कि उन्हें आत्मबोध और आत्मानुभूति की एक गहरी यात्रा पर ले जाती है। यह कृति विशेष रूप से युवा वर्ग के लिए प्रेरणास्रोत और मार्गदर्शक सिद्ध होगी।समारोह के अंत में लेखक अर्पित सर्वेश ने सभी अतिथियों, साहित्यकारों एवं पाठकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पुस्तक का उद्देश्य पाठकों के मन में उठने वाले प्रश्नों से संवाद स्थापित कर उन्हें सकारात्मक और सार्थक दिशा प्रदान करना है। उन्होंने अपने प्रकाशक पुष्पेंद्र के प्रति भी विशेष कृतज्ञता व्यक्त की।इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश महामंत्री डॉ. संतोष शुक्ल, उत्तर प्रदेश सेवा चयन बोर्ड के सदस्य डॉ. राधा कृष्ण दीक्षित, प्रधानाचार्य पवन तिवारी सहित अनेक गणमान्य अतिथि एवं साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।

## आशा वर्करों का फूलपुर सीएचसी पर धरना



प्रयागराज(संवाददाता )। मानदेय में बढ़ोतरी को लेकर प्रदेश में आशा बहुएं लगातार धरना प्रदर्शन कर रही हैं। सोमवार को भी पूरे प्रदेश में आशा वर्करों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर धरना प्रदर्शन किया। आशा बहुओं की माँग हैं कि उनका मानदेय 2000 से बढ़ाकर 21000 किया जाय। फूलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भी उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन के बैनर तले आशा वर्करों ने धरना प्रदर्शन किया।उनका कहना है कि 20 साल पहले 6 काम को करने के लिए उनका चयन हुआ था, लेकिन आज 60 काम कराए जा रहे है। इस मंहगाई के दौर में भी उनका वेतन मात्र 2000 रुपए है। विभाग से उनपर नसबंदी कराने का प्रेशर रहता है, डिलीवरी का प्रेशर रहता है, टीकाकरण का प्रेशर है। दिन भर घूम घूम कर बिना खाये– पिए वो मेहनत करती है। लेकिन वेतन इतना भर ही मिलता है कि केवल सब्जी ही खरीद सकती है।कई कई जगह तो 5 महीने से वेतन भी नहीं मिला है। किसी तरह गुजर बसर कर रही है। बच्चों को किस तरीके से पढ़ाए, दो जून की रोटी भी नसीब नहीं हो रही है। जब तक हमारी मांगे नहीं मानी जायेंगी हमारा ये धरना चलता रहेगा।प्रदर्शन कर रही यूनियन की सचिव मंजू देवी ने कहा कि कोरोना समय में हमे कोरोना वॉरियर कहा गया। हम लोगों को हर काम करने को दिए जाते हैं। हम लोग अगर किसी काम को थोड़ा सा भी विलंब करते हैं, तो हम लोगों को नोटिस जारी कर दिया जाता है। हम लोगों को टुकड़ों में मानदेय दिया जाता है। हम लोगों की माँग कि जो टुकड़ों में मानदेय दिया जाता है वो 21000 रुपए फिक्स हो ।प्रदर्शन कर रही आशा वर्करों बताया कि हम लोगों से 6 काम के बदले 56 काम करा रहे हैं तो हमे वेतन भी उसी के अनुरुप दे और एक निश्चित मानदेय करें हम लोगों का। हम लोगों से काम खूब कराया जा रहा जबकि पैसा बिल्कुल कम दिया जा रहा है । जो टुकड़ों में पैसा मिलना भी है टीका का, जांच का वो भी 2 महीनों से नहीं आया है ।प्रदर्शन के दौरान आशा वर्करों ने जमकर नारेबाजी की और पैदल मार्च फूलपुर तहसील तक निकाल कर जिलाधिकारी के संबोधन का ज्ञापन उपजिलाधिकारी फूलपुर को सौंपा ।

## भक्तिकी कोई निश्चित आयु नहीं होती- साध्वी पद्महस्ता भारती

प्रयागराज(संवाददाता )। कल्याणी देवी स्थित चौधरी गार्डन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन भी श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुपम दृश्य देखने को मिला। श्री बांके बिहारी परिवार एवं श्री अग्रसेन अग्रवाल समाज, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिदिन आयोजित हो रही इस कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर श्रीमद्भागवत का रसपान कर रहे हैं।दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की अनुयायी एवं आशुतोष महाराज की शिष्या कथा व्यास साध्वी सुश्री पद्महस्ता भारती के श्रीमुख से हो रही कथा में आज दूसरे दिन जीवन को दिशा देने वाले गूढ़ आध्यात्मिक विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।कथा व्यास ने अपने उद्बोधन में कहा कि भक्ति की कोई निश्चित आयु नहीं होती। भक्ति न बाल्यकाल देखती है, न यौवन और न ही वृद्धावस्थाकृजिस क्षण मनुष्य का हृदय प्रभु की ओर झुक जाए, वही भक्ति का शुभ प्रारंभ होता है। उन्होंने बताया कि आज के समय में आवश्यकता है कि हम अपने परिवार और समाज में प्रेम, संस्कार, सद्भाव और सेवा भाव को बाँटें, जिससे सामाजिक समरसता सुदृढ़ हो सके। कथा के दौरान ध्रुव संकल्प यात्रा का प्रसंग सुनाते हुए साध्वी जी ने बताया कि अटल संकल्प, धैर्य और गुरु कृपा से बालक ध्रुव ने अल्प आयु में ही ईश्वर की कृपा प्राप्त की।कथा से पूर्व प्रातःकाल नियमित पूजा एवं आरती का आयोजन किया गया, जिसमें श्री अग्रसेन अग्रवाल समाज एवं श्री बांके बिहारी परिवार के पदाधिकारीगण नियमित रूप से सहभागिता कर रहे हैं। आज के पूजन में अग्रवाल समाज के महामंत्री अभिषेक मित्तल, युवा मंडल से तुषार गुप्ता, श्री बांके बिहारी परिवार से विवेक अग्रवाल, राजन टंडन, मनोज अग्रवाल, नेहा टंडन, मोहिनी अग्रवाल सहित अन्य श्रद्धालु सपत्नी उपस्थित रहे।

## पयागपुर में 20 दिसंबर को आयोजित होगी विधायक खेल स्पर्धा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। विधानसभा क्षेत्र पयागपुर अन्तर्गत 20 दिसम्बर को तहसील पयागपुर के सम्मुख स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय पयागपुर के खेल मैदान में विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए उप जिलाधिकारी पयागपुर ने बताया कि विधायक खेल स्पर्धा के सफल आयोजन हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को नामित कर दिया गया है।

# डीएम का अचानक छापा, सीएमओ कार्यालय में हड़कंप

### - लापरवाही पर सख्त एक्शन, वेतन कटौती, स्पष्टीकरण और चेतावनी पत्र जारी



न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने सोमवार को जिला मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय खैराबाद का औचक निरीक्षण कर पूरे महकमे में हड़कंप मचा दिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कार्यालय की व्यवस्थाओं, अभिलेखों, उपस्थिति रजिस्टर और कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की। कई स्तरों पर गंभीर लापरवाही सामने आने पर उन्होंने तत्काल सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। डीएम ने डाक डिस्पैच कक्ष, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन कक्ष, नोडल अधिकारी कक्ष, जिला सर्विलांस कक्ष, लेखा अनुभाग, उप मुख्य चिकित्साधिकारी कक्ष, प्रशासनिक अधिकारी कक्ष और मेडिकल अनुभाग का निरीक्षण किया। डाक डिस्पैच कक्ष में रजिस्टरों में अनेक खामियां पाए जाने पर उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को तुरंत सुधार कराने के निर्देश दिए। इस दौरान लिपिक कमल हसन के अनुपस्थित मिलने पर एक दिन का वेतन काटने का आदेश दिया गया। राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन कक्ष के निरीक्षण में नोडल अधिकारी डॉ. विकास के गैरहाजिर पाए जाने पर डीएम ने उनका एक दिन का वेतन काटने और स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित जेई को सप्ताह में कम से कम एक दिन अनिवार्य रूप से सीएमओ कार्यालय में बैठने का आदेश दिया गया। मेडिकल अनुभाग के निरीक्षण के दौरान डीएम ने सख्त निर्देश दिए कि जो चिकित्सक मुख्यालय छोड़कर बाहर निवास कर रहे हैं उन्हें तत्काल मुख्यालय पर ही रहने का आदेश जारी किया जाए। आदेश की अवहेलना करने पर अनुशासनिक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जोर दिया। लेखा अनुभाग में भुगतान और कैशबुक रजिस्टर में त्रुटियां मिलने पर उन्होंने सीएमओ को स्वयं नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए तथा लेखाकार मनीष कुमार को चेतावनी पत्र जारी करने के आदेश दिए। औचक निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सहित विभाग के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। डीएम की इस सख्ती से स्वास्थ्य विभाग में जवाबदेही और अनुशासन को लेकर स्पष्ट संदेश गया है।

# शादी का दबाव बना मौत का कारण

### - पिसावां में युवक की फांसी लगाकर आत्महत्या, युवती समेत तीन पर मुकदमा



न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। पिसावां कस्बे में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां शादी के दबाव और कथित धमकियों से परेशान एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने एक युवती, उसकी मां और मामा के खिलाफ गंभीर आरोपों में मुकदमा दर्ज किया है। कस्बा चौराहा निवासी 22 वर्षीय अभय गुप्ता का शव सोमवार सुबह उनके दो मंजिला मकान के ऊपरी कमरे में पंखे से लटका मिला। परिजनों ने जब कमरे का दरवाजा खोला तो यह हृदयविदारक .श्य सामने आया। परिजनों के अनुसार, रविवार रात करीब आठ बजे अभय अपने पिता अमरीश गुप्ता के साथ खेत से घर लौटा था। भोजन करने के बाद वह अपने कमरे में सोने चला गया था। मृतक के पिता अमरीश गुप्ता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि अभय की बातचीत थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती से थी। आरोप है कि युवती, उसकी मां और मामा लगातार अभय पर शादी का दबाव बना रहे थे। शादी से इनकार करने पर उसे धमकियां दी जा रही थीं। अमरीश गुप्ता के अनुसार, इन्हीं लोगों ने पहले भी अभय पर एक मुकदमा दर्ज कराया था, जिससे वह काफी तनाव में था और जमानत पर बाहर आया था। पीड़ित पिता का आरोप है कि 8 दिसंबर को आरोपी उनके घर आए और एक बार फिर शादी को लेकर दबाव बनाते हुए धमकी दी। इसके बाद रविवार को जब अभय अल्लीपुर स्थित एक प्लांट जा रहा था, तब आरोपियों ने रास्ते में रोककर 24 घंटे के भीतर शादी करने की चेतावनी दी। इतना ही नहीं, शादी न करने पर पिता को भी गंभीर धाराओं में फंसाने की धमकी दी गई। इसी दहशत और मानसिक दबाव के चलते अभय ने आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर के आधार पर युवती, उसकी मां और मामा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

# जब पंचायत का सचिव ही बोझ तले दब जाए तो गांव का विकास कैसे बचे?



न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। ग्रामीण भारत की आत्मा गांवों में बसती है और गांवों की प्रशासनिक धुरी ग्राम पंचायत सचिव होते हैं। पंचायती राज और ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं को जमीन पर उतारने वाला यही संवर्ग आज खुद व्यवस्था की अव्यवहारिकता का शिकार बनता जा रहा है।

जनपद में ग्राम पंचायत अधिकारी संघ एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन ने जो 10 सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा है, वह केवल कर्मचारियों की मांग नहीं, बल्कि पूरे ग्रामीण प्रशासन की कार्यक्षमता पर उठता एक बड़ा प्रश्न है। ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी आज केवल पंचायत के सचिव नहीं हैं बल्कि मनरेगा, आवास, स्वच्छता, पेंशन, परिवार रजिस्टर, जन्म–मृत्यु पंजीकरण, फैमिली आईडी, आईजीआरएस, .षि, स्वास्थ्य, शिक्षा, पशुपालन, आपदा प्रबंधन जैसे 29 से अधिक विभागों के कार्यों का भार अकेले ढो रहे हैं। यह सब तब, जब न वाहन भत्ता है, न सरकारी मोबाइल, न सीयूजी सिम और अब ऊपर से ऑनलाइन उपस्थिति जैसी कार्यालय आधारित व्यवस्था थोप दी गई है। सचिव का कार्य स्वभावतः क्षेत्रीय है। एक सचिव के पास औसतन 5 से 9 ग्राम पंचायतों का प्रभार होता है। कभी चौपाल, कभी निरीक्षण, कभी आपदा, कभी रात्रि बैठक, ऐसे में किसी एक निश्चित स्थान पर समयबद्ध ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराना न केवल अव्यावहारिक है बल्कि प्रशासनिक समझ के भी विपरीत है। यह सवाल भी उठता है कि जब खंड, जिला और मंडल स्तर पर कार्यालयाध्यक्षों की ऑनलाइन अटेंडेंस नहीं है, तो पंचायत स्तर पर यह असमानता क्यों? संगठन ने यह भी गंभीर मुद्दा उठाया है कि सचिवों के निजी मोबाइल फोन पर थर्ड पार्टी ऐप्स के जरिये उपस्थिति दर्ज कराना निजता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। निजी मोबाइल में बैंक, आधार, पारिवारिक और व्यक्तिगत डेटा जुड़ा होता है, जिससे साइबर अपराध की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। यह ज्ञापन उन अधिकारियों की सामूहिक पीड़ा की आवाज है, जिनमें नितीश कुमार वर्मा, आफताब आलम, मसूद अहमद, नौशाद अलाम, अमित कुमार, श्याम कुमार, मनोज शर्मा, भानु प्रताप रावत, मनोज कुमार चतुर्वेदी, शिल्पी वर्मा, कल्याणी महेन्द्रा, मानसी प्रजापति, धीरेन्द्र कुमार, राज कुमार वर्मा सहित हरगांव के समस्त ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी शामिल हैं। इन सभी ने हस्ताक्षर कर यह स्पष्ट कर दिया है कि यह लड़ाई किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे संवर्ग की है। सामाजिक .ष्टि से यह प्रश्न बेहद अहम है कि चुनावी वर्ष के करीब आते समय, जब सरकार गांव–गांव तक योजनाओं की पहुंच चाहती है, तब जमीनी अमले को मानसिक दबाव, लक्ष्य आधारित गैर–विभागीय कार्यों और अनुशासनात्मक कार्रवाई की धमकी देकर कैसे परिणाम अपेक्षित किए जा सकते हैं? पंचायत सचिव टूटेगा तो पंचायत व्यवस्था चरमरा जाएगी। सरकार को चाहिए कि वह इस आंदोलन को कर्मचारी असंतोष के रूप में नहीं, बल्कि ग्रामीण शासन की चेतावनी घंटी के रूप में देखे। ऑनलाइन उपस्थिति तब तक स्थगित रहनी चाहिए, जब तक समुचित संसाधन, समानता और व्यवहारिक ढांचा तैयार न हो। पंचायत सचिवों को केवल उनके मूल विभागीय दायित्वों तक सीमित कर, अन्य विभागों को अपने कार्यों की जिम्मेदारी स्वयं उठानी चाहिए। यदि समय रहते संवाद और समाधान नहीं हुआ, तो इसका असर केवल सचिवों पर नहीं, बल्कि गांव के विकास, योजनाओं की गुणवत्ता और जनविश्वास पर पड़ेगा, और यह नुकसान किसी भी सरकार के लिए साधारण नहीं होगा।

# इंद्रधनुष 2025 वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन

## वार्षिकोत्सव में स्टूडेंट्स ने मचाया धमाल, दिखाई प्रतीभा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। तथागत ज्ञानस्थली सीनियर सेकेंडरी स्कूल अतर्रा में वार्षिक उत्सव इंद्रधनुष–2025 का भव्य एवं रंगारंग आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व डीजी बीके मौर्या उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन शिवशरन कुशवाहा, पूर्व बैंक मैनेजर रामलखन कुशवाहा, डायरेक्टर किरन मैम एवं प्रिंसिपल मैम श्वेता श्रीवास्तव, अंकित कुशवाहा सहित विद्यालय परिवार की गरिमामयी उपस्थिति रही और पूर्व विद्यार्थियों को भी अतिथि के रुप में आमंत्रित किया गया था जो वर्तमान में लखनऊ एसडीएम देवेंद्र यादव, और इंजीनियर, डॉक्टर, तहसीलदार, बैंक मैनेजर आदि पदों पर हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन एवं जागृति बुद्ध स्तुति नृत्य के साथ हुआ। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि सुलखान सिंह ने विद्यार्थियों को अनुशासन, नैतिक मूल्यों एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण का महत्व बताते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज को सशक्त बनाने का सबसे मजबूत माध्यम है। विशिष्ट अतिथि बीके मौर्या ने विद्यालय द्वारा शिक्षा एवं संस्कार के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के चेयरमैन अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय का मुख्य उद्देश्य छात्रों के भविष्य को बेहतर बनाना है। वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने सांस्.तिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। नृत्य, गीत, नाटक एवं समूह–प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने सामाजिक संदेशों, भारतीय संस्.ति तथा एकता का भाव प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया। इस दौरान छात्र– छात्राओं ने उत्.ष्ट प्रदर्शन करते हुए खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण इंद्रधनुष थीम पर आधारित प्रस्तुति रही, जिसमें विविध रंगों के माध्यम से अलग–अलग प्रदेशों की संस्.ति पर आधारित नृत्य प्रस्तुति, संस्कार और सृजनशीलता का सुंदर प्रदर्शन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने अभिभावकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया तथा विद्यालय की शैक्षणिक एवं सह–शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। संचालन कर रहे विद्यालय के कक्षा 12 वीं के छात्र अक्षत अग्निहोत्री तथा छात्रा अनुष्का पांड्येय ने कार्यक्रम में अपनी रोचक वाणी से उत्साहित करते रहे। अंत में अलग अलग कार्यक्रमों में भाग लेने वाले बच्चों का एक साथ सामूहिक नृत्य हम हैं राही प्यार के गीत हुआ। जो आकर्षक का केंद्र रहा। इंद्रधनुष वार्षिकोत्सव ने विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य और विद्यार्थियों की रचनात्मक ऊर्जा का सुंदर परिचय प्रस्तुत किया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक,अभिभावक और अतिथि उपस्थित रहे।



# एसडीएम ने बीएलओ व सुपरवाईजर्स के साथ की एसआईआर समीक्षा बैठक

### - एएसडी मतदाता, लाजिकल एरर व बीएलओ बीएलए मिनट्स आदि के संबंध में दिए निर्देश



न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने एएसडी की सूची का पुनः सत्यापन हेतु प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी, राजस्व लेखपाल, राजस्व निरीक्षक व सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की समीक्षा की। समीक्षा में उपजिलाधिकारी नानपारा द्वारा एक एक बीएलओ की स्वयं समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नानपारा ने समीक्षा करते हुए बीएलओ को निर्देशित किया कि सभी एएसडी मतदाता के फॉर्म की पुनः घर–घर जाकर जांच करते हुए आवश्यक कार्यवाही करें और उस पर उचित कारण लिखा हो। सभी एएसडी फॉर्म पर मतदाता के स्वयं या परिवार के सदस्य के हस्ताक्षर होने चाहिए, ईएफ रियूज टू साईन किए गए फॉर्म की जांच कर ले तथा बीएलए के साथ उक्त मतदाता के घर–घर जाकर भ्रमण करे यदि सही है तो बीएलए से भी हस्ताक्षर कराए। अगर कोई मतदाता गलती से ए.एस.डी. में दर्ज हो गया है तो उसकी जांच करके रोल बैक कराकर नियमो के अंतर्गत सही कराए, किसी भी पात्र का नाम गलती से भी नहीं कटना चाहिए। इसी के साथ एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने सभी बीएलओ को तार्किक विसंगति के संबंध में भी निर्देशित किया कि आपके द्वारा जिन मतदाताओं की मैपिंग की गई है उन्हीं के आधार पर ये इरर आई है जिसमे 7 प्रकार की लॉजिकल एरर है। आप सभी के बीएलओ ऐप में इन्हीं सातों की मत. तवत शो हो रही है जिन्हें शुद्ध किया जाना है। बीएलओ ऐप में प्रदर्शित मतदाता अगर सही है और प्रदर्शित इरर गलत है तो आप वेरीफाई कर सकते है। एवं अगर आपको लगता है संशोधन करना है तो ईडिट वाले विकल्प पर क्लिक करके संशोधन भी कर सकते है और प्रमाण लगाकर सेव कर दे। प्रमाण में जिस प्रकार की होगी प्रमाण उसी का लगेगा जैसे उम्र में मार्कशीट, परिवार नकल/जन्म प्रमाण पत्र आदि। नो मैपिंग से सम्बन्ध में निर्देश दिया गया कि संबंधित मतदाताओं से एक बार पुनः संपर्क कर ले जिससे अगर उनकी 2003 की सूचना मिल जाती है तो मैपिंग कर दिया जाय। उन्होंने कहा कि नो मैपिंग जहां पर अब कम नहीं हो सकती है वहां बीएलओ और बीएलए एक बार पुनः भ्रमण कर ले, और न मिलने पर एक स्पष्ट लिखित रिपोर्ट अपने सुपरवाइजर को दे कि अब हमारे बीएलओ क्षेत्र में मैपिंग के लिए डाटा अवशेष है। निर्देश दिया गया कि सभी बीएलओ अपने अपने बूथ पर बीएलए और संभ्रांत व्यक्तियों के साथ बैठक करके बीएलओ एण्ड बीएलए अपलोड करा दें। बैठक के अन्त में एसडीएम ने प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी को निर्देश दिया कि एएसडी की सूची में दर्ज नाम का पुनः स्थलीय सत्यापन घर–घर जाकर करे और यदि कोई पात्र व्यक्ति मिल जाता है तो उसका फार्म फीड कराकर अपनी रिपोर्ट निर्वाचन कार्यालय तहसील नानपारा को उपलब्ध करा दें।

# माघ मेले को लेकर योगी सरकार कर रही परिवहन के खास इंतजाम

### – परिवहन विभाग चित्रकूट मंडल के 4 डिपो से संचालित करेगा 280 बसें

### – श्र)ालुओं को आने जाने की सुविधा के लिए परिवहन विभाग ने बनाई योजना



न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। प्रयागराज में संगम तट पर 1 जनवरी 2026 से लेकर 15 फरवरी 2026 तक लगने वाले माघ मेले को लेकर बुंदेलखंड के श्रद्धालुओं के लिए उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार परिवहन के लिए खास इंतजाम कर रही है। बुंदेलखंड के चित्रकूट धाम मंडल के श्रद्धालुओं को मेला तक लाने ले जाने के लिए परिवहन विभाग इस बार 280 माघ मेला स्पेशल बसें चलाएगा। जिससे कि श्रद्धालुओं को आने–जाने में किसी तरह की कोई असुविधा न हो और इसके लिए परिवहन विभाग ने योजना बना ली है और इस बार 6 स्नान पर्वों पर इन बसों के जरिए श्रद्धालु सुगम आवागमन कर सकेंगे। इन बसों में बांदा डिपो से 80, महोबा डिपो से 80, राठ डिपो से 65 व हमीरपुर डिपो से 55 बसें संचालित होंगी। माघ मेले में जाने वाले श्रद्धालुओं को समय पर बसें मिले इसको लेकर भी योगी आदित्यनाथ की सरकार ध्यान दे रही है और चित्रकूट धाम मंडल के श्रद्धालुओं के लिए प्रत्येक 15 मिनट में एक बस संचालित की जाएगी। वहीं श्रद्धालुओं की उपलब्धता को भी ध्यान में रखा जाएगा। प्रयागराज के नेहरू पार्क और लेप्रोसी से इन बसों का संचालन होगा और इन दोनों जगहों को अस्थाई बस अड्डा भी बनाया गया है। बांदा डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मुकेश बाबू गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक 1 जनवरी 2026 की सुबह 5 बजे से 15 मिनट में एक बस का संचालन किया जाएगा। वहीं हमारे मंडल के सभी डिपो से यात्रियों की उपलब्धता के आधार पर बसों का संचालन किया जाएगा। बांदा डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मुकेश बाबू गुप्ता ने बताया कि सभी बसों की कंडीशन अच्छी स्थिति में रहेगी और इन बसों में फॉग लैंप, हेडलाइट, विंडो कैचर, हॉर्न सीटों की दशा व साफ–सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और सभी बसों में रूट के हिसाब से मेला स्टीकर लगाए जाएंगे जिससे कि श्रद्धालुओं में भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो और आसानी से वह अपने क्षेत्र की बसों में बैठ सकें और आवागमन के दौरान बसों के खराब होने की दशा में 7 सदस्यीय 2 टेक्निकल टीमें भी तैनात रहेंगी। जिसमें एक टीम चित्रकूट बस डिपो में तैनात रहेगी तो वहीं दूसरी टीम प्रयागराज में तैनात रहेगी। वही हमीरपुर डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक रामप्रताप साहू को मेला अधिकारी बनाया गया है और उनकी देखरेख में ही सभी बसों का संचालन किया जाएगा।

## मिस्टर फ्रेशर बने साहिल व अंजली बनी मिस फ्रेशर

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। बौंडी–मरौचा मार्ग के अलादादपुर स्थित स्पार्क कालेज में ओटी द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा प्रारंभ 2025 थीम के अंतर्गत ओटी एवं एक्स रे फ्रेशर्स के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ईएनटी सर्जन डा. एसके वर्मा व विशिष्ट अतिथि संस्था डायरेक्टर डा. अभिलाषा वर्मा रहीं। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने विद्यार्थियों को अनुशासन, नवाचार समेत अन्य महत्वों पर प्रकाश डाला। फ्रेशर पार्टी में साहिल को मिस्टर फ्रेशर व अंजली गुप्ता को मिस फ्रेशर चुना गया।

# डीआईजी आदेश पर जनपद में चलाया सघन बैंक चेकिंग अभियान



न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र राजेश एस. के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा बैंकों/वित्तीय संस्थानों एवं उनके आसपास क्षेत्रों मे होने वाली घटनाओं जैसे लूट, छिनैती, चोरी एवं टप्पेबाजी की रोकथाम के उद्देश्य से 15 दिसबर को जनपद में सघन बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में पुलिस द्वारा जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में स्थित एटीएम, बैंक शाखाओं एवं अन्य वित्तीय संस्थानों की गहनता से चेकिंग की गई। इस दौरान बैंकों एटीएम में लगे सुरक्षा उपकरणों जैसे सीसीटीवी कैमरे, आपातकालीन अलार्म सिस्टम, आपातकालीन निकास मार्ग तथा अग्निशामक यंत्रों की स्थिति का निरीक्षण किया गया। सीसीटीवी कैमरों को 24 घंटे चालू एवं क्रियाशील रखने हेतु संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। साथ ही बैंक सुरक्षा गार्डों को निर्देशित किया गया कि बैंक में आने वाले ग्राहकों के वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े कराए जाएं, जिससे सड़क पर आवागमन बाधित न हो और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अभियान के दौरान बैंकों एटीएम एवं वित्तीय संस्थानों के आसपास संदिग्ध रूप से खड़े अथवा घूम रहे व्यक्तियों तथा वाहनों की भी गहन चेकिंग की गई तथा संदिग्ध पाए जाने पर उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई।

# डीपीएस में वर्ल्ड चैंपियन खिलाड़ी राधा व निखत ने एथलीट्स को किया प्रोत्साहित



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। दिल्ली पब्लिक स्कूल का दो दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव बड़ी ही भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। खेल दिवस के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में वर्ल्ड चैंपियन स्पोर्ट्स गर्ल अर्जुन अवॉर्ड विजेता राधा यादव और अर्जुन अवॉर्ड विजेता वर्ल्ड चैंपियन महिला बॉक्सर निखत जरीन मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय में उपस्थित रहीं। पत्रकारों के साथ वार्ता में राधा यादव, विश्व चैम्पियन, अर्जुन अवॉर्ड विजेता, आईसीसी महिला क्रिकेट विश्वकप 2025 विजेता, राष्ट्रमंडल खेल 2022 की सिल्वर मेडलिस्ट, टी 20 विश्वकप की उपविजेता क्रिकेटर राधा यादव ने कहा कि आज देश की सभी बेटियों को इटावा से मेरा यही संदेश है कि आप अपनी बेटियों को भी बेटों की ही तरह खूब प्यार दें सपोर्ट करें क्यों कि वे भी एक दिन दुनियां में आपका खूब नाम रोशन कर सकती है। क्रिकेट के खेल में महिलाओं की भूमिका पर उन्होंने कहा कि आज कोई भी ऐसा खेल नहीं है जिसमें महिलाएं बेहतर नहीं कर रही, लेकिन एक अच्छा खिलाड़ी और वर्ल्ड क्लास चैंपियन बनने के लिए सबसे पहले बच्चे के लिए परिवार का सपोर्ट बेहद ही जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि आज आपका बच्चा जो खेलना चाहे स्कूल में हर खेल का स्पेशल कोच उपलब्ध है यह बड़ी बात है कि बच्चे को पढ़ाई के साथ खेल की बारीकियां भी बचपन से सीखने को मिल रही हैं पहले के खेल और आज के खेल में बड़ा फर्क आया है पहले महिला खिलाड़ियों को कोई बड़ा नाम या रिवार्ड नहीं मिलता था फिर भी वे कड़ी मेहनत करती थी। आज सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं और आगे बढ़ने के मौके भी ज्यादा हैं इसलिए बेटियों को ज्यादा से ज्यादा सपोर्ट कर आगे बढ़ने दीजिए। उन्होंने डॉ. विवेक यादव का विद्यालय आमंत्रण के लिए विशेष आभार भी व्यक्त किया। पत्रकारों से बात करते हुये निखत जरीन भारतीय बॉक्सर अर्जुन अवार्ड प्राप्त,दो बार की विश्व चैंपियन, विश्व कप विजेता राष्ट्रमंडल खेल 2022 की गोल्ड मेडलिस्ट, एशियाड मेडलिस्ट तेलंगाना पुलिस में डीएसपी निखत जरीन ने कहा कि आज देश खेल में बड़े बड़े कीर्तिमान बना रहा है मैं आज यही कहूंगी कि अपने बच्चों की प्रतिभा को पहचान कर उसे निखारने में उसकी दिल से पूरी मदद कीजिए जिससे वे भविष्य के चैंपियन बनकर अपने देश का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने कहा कि विवेक जी की वजह से आज डीपीएस जिस प्रकार से खेल प्रतिभाओं को सपोर्ट कर उन्हें निखारने और मेडल्स लाने का मौका दे रहा है ऐसे ही अन्य स्कूलों को भी अपने बच्चों को आगे बढ़ने की सुविधाएं देनी चाहिए जिससे बड़ी संख्या में किसी जनपद से चैंपियंस खेल के क्षेत्र में आगे आए। उन्होंने अपने निजी जीवन का संस्मरण सुनाते हुए कहा कि, मैं एक बेहद साधारण परिवार की बेटी हूं और आज मैं जो कुछ भी हूं अपने पिता की वजह से ही हूं जैसे किसी सफल महिला के पीछे एक पुरुष का हाथ होता है वैसे ही मेरी पूरी सफलता के पीछे मेरे पिता का आशीर्वाद और पूरा सपोर्ट है जिनकी वजह से मैं आज इस मुकाम पर पहुंची हूं। दोनों ही खिलाड़ियों ने अपने प्रेरक संदेश में कहा कि किसी भी खेल को पूरी मेहनत और पूर्ण मनोयोग से ही खेलना चाहिए। बेहतरीन खेल प्रतिभाएं मौजूद हैं और डीपीएस लगातार ऐसी ही खेल प्रतिभाओं को निखरने का मौका दे रहा है। उन्होंने सभी अभिभावकों को अपने बच्चों को खेल में भी आगे बढ़ने में सपोर्ट करने की अपील की निखत ने कहा कि आज मेरे खेल की वजह से ही आज मैं एक पुलिस अधिकारी (डीएसपी) बनी हूं।

# लौह पुरुष की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि




न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा गांधी सभागार में भारत रत्न, प्रथम ग्रह मंत्री, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कांग्रेस लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की पुण्यतिथि पर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने माल्यार्पण करते हुए सरदार वल्लभ भाई को महान स्वतंत्रता संग्राम का योद्धा एवं महान राष्ट्रभक्त बताते हुए कहा कि हमें अपने महान नेता के आदर्श एवम दर्शन को आगे बढ़ाना है हम नही भूल सकते कि किस तरह उन्होंने देश को एक सूत्र में बांधने के लिए सभी रियासतों को अखण्ड भारत में मिला लिया। यह फैसला सशक्त नेतृत्व छमता वाले सरदार वल्लभ भाई ही ले सकते थे। हमें उनके बताए रास्ते पर चलते हुए देश के लिए प्रतिबद्ध रहना है एकता अखंडता को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए काम करते रहना है। श्रद्धाजंलि समारोह में कार्यालय प्रभारी शिव बली सिंह, केपी सेन, सलीम सुमेरपुरी, छेदीलाल धुरिया, .ष्ण कुमार, शब्बीर सौदागर, अशरफ रम्पा, नाथूराम सेन, अली बक्स, वारिस अली, सुखदेव गांधी आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# डीएम को शीघ्र ज्ञापन सौंपेगा मवई व्यापार मंडल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उद्योग व्यापार मण्डल उत्तर प्रदेश की संबद्ध इकाई मवई व्यापार मण्डल के अध्यक्ष सोनू अग्रहरि की अध्यक्षता में कस्बा मवई में बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्याओं पर चर्चा करते हुए निराकरण हेतु प्रयास करने पर निर्णय लिया गया। अध्यक्ष सोनू अग्रहरि ने कहा कि कस्बा मवई में सबसे महत्वपूर्ण समस्या व्यापारियों की रक्षा सुरक्षा हेतु स्ट्रीट लाइटों का न होना, तीव्र गति के वाहनों की रोकथाम हेतु स्पीड ब्रेकर का न होना, साथ ही कस्बे के विकास में अन्य अनेक सुविधाओं के आवंटन न होने की दशा कस्बे के विकास को दयनीय बना देती है। मवई व्यापार मण्डल समस्त सुविधाओं के आवंटन हेतु अति शीघ्र जिलाधिकारी को मांग पत्र देकर समस्याओं के निस्तारण की मांग करेगा। महामंत्री शत्रुघ्न साहू ने कहा कि संगठन विस्तार के क्रम में सभी ग्रामों व उपग्रामों में संगठन की इकाई का गठन किया जाएगा। साथ ही शीघ्र सदस्यता अभियान चलाकर सम्मानित व्यापारियों को संगठन से जोड़ा जाएगा। बैठक में मवई व्यापार मण्डल के अध्यक्ष सोनू अग्रहरि, महामंत्री शत्रुघ्न साहू कोषाध्यक्ष पप्पू अग्रहरि, प्रवक्ता रवि अग्निहोत्री, मीडिया प्रभारी रोहित अग्निहोत्री, उपाध्यक्ष राजेश चौरसिया, संगठन मंत्री पिंटू अग्रहरि, योगेश सोनी, भरत लाल साहू धर्मेन्द्र पाल, सुमित कुमार उपस्थित रहे।

## विकास भवन में किसान दिवस कल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उप .षि निदेशक सत्येन्द्र सिंह ने अवगत कराया कि शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के प्रत्येक तृतीय बुधवार को जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस आयोजन किया जाता है। चालू माह के किसान दिवस का आयोजन 17 दिसंबर को 12 बजे से 02 बजे अपरान्ह तक विकास भवन सभागार में आयोजित कराया जायेगा। किसान दिवस में किसानों की समस्याओं के निदान हेतु बैठक में उपस्थित अधिकारियों विषेशज्ञों द्वारा अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। .षकों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्वक समाधान किया जायेगा।

# पुलिस से सांठगांठ कर प्रताड़ित करने का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर कस्बे के सब्जी मंडी के अंदर दुकान चलाने वाली एक महिला ने एसपी को शिकायती पत्र देकर पड़ोसी दुकानदार पर पुलिस से सांठगांठ कर प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाया। पीड़िता से एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में पीड़िता मोमना खातून पत्नी नजबुद्दीन निवासी सरकी थाना गाजीपुर हाल मुकाम गाजीपुर ने बताया कि उसकी कस्बे के सब्जी मंडी के अंदर फैंसीलाल साड़ी वाले के नाम से दुकान है। जिसमें वह व उसका पति बैठता है। बगल में कमरूद्दीन पुत्र गरीबुद्दीन निवासी सरकी मद्दीलाल सरतीलाल साड़ी वाले के नाम से दुकान संचालित करते हैं। जिसमें वह और उसका बेटा गुलाम वारिस बैठते हैं। पीड़िता ने बताया कि बाप–बेटा आए दिन उसके साथ गाली–गलौज करते हैं। इतना ही नहीं जान से मारने की धमकी भी देते हैं। उनका कहना है कि जब से मैंने यहां दुकान खोली है तब से सभी का धंधा चौपट हो गया है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि पड़ोसी दुकानदार बाप–बेटे ने पुलिस से सांठगांठ बना ली है। जिसकी बदौलत पुलिस भी उन पर कार्रवाई नहीं कर रही है। इतना ही नहीं एसएसआई व कुछ सिपाहियों ने उनसे अवैध वसूली भी की है। जिससे वह और उसका पति मानसिक परेशान हैं। पीड़िता ने एसपी से गुहार लगाई कि कमरूद्दीन व गुलाम वारिस के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए जानमाल व दुकान की हिफाजत की जाए।

# जंगल में पेड़ पर लटका मिला वृद्ध का शव

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सरसई बुजुर्ग में रविवार की षाम घर से निकले 60 वर्षीय वृद्ध का शव गांव से लगभग दो सौ मीटर दूर जंगल में सोमवार की सुबह पेड़ पर लटका मिला। मृतक के भतीजे ने गांव के ही दो भाईयों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार सरसई बुजुर्ग गांव निवासी स्व0 मंगल का पुत्र सिद्धगोपाल रविवार की शाम लगभग सात बजे घर से खाना खाकर टहलने के लिए निकला था। तभी अचानक वह लापता हो गया। काफी देर बीत जाने पर जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग न लगा। आज सुबह गांव के लोग शौचक्रिया के लिए जा रहे थे तभी दो सौ मीटर दूर जंगल में आम के पेड़ पर सिद्धगोपाल का शव लटका मिला। जिसकी जानकारी गांव वालों ने परिजनों को दी। रोते–बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के भतीजे जितेन्द्र ने गांव के ही सीताराम के पुत्र गोविन्द रैदास व अरविन्द रैदास पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए बताया कि दोनों ने उसके चाचा पर किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने को लेकर घटना को अंजाम दिया है। हादसे के बाद से दोनों भाई मौके से फरार हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण ज्ञात हो सकेगा।

# युवक की अचानक मौत, पुलिस ने कराया पीएम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गुजरात में नौकरी कर रहे 20 वर्षीय युवक की अचानक तबियत खराब होने पर मौत हो गई। जिस पर परिजन शव को जनपद लाए और पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने शव को विच्छेदन हेतु भेजा है। जानकारी के अनुसार जाफरगंज थाना क्षेत्र के सुल्तानगढ़ गांव निवासी जयकरन का पुत्र अनिल निषाद गुजरात में नौकरी करता था। शुक्रवार को अचानक तबियत खराब होने पर परिजन अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर परिजन शव को लेकर वापस गांव आ गए और पुलिस को सूचना दे दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## तबियत बिगड़ने पर वृद्ध की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कटोघन में अचानक 60 वर्षीय वृद्ध की तबियत खराब हो जाने पर उपचार के लिए अस्पताल ला रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कटोघन गांव निवासी दुलारे का पुत्र बचान की रविवार की शाम अचानक तबियत बिगड़ गई। जिस पर परिजन उसे उपचार के लिए हरदों अस्पताल ला रहे थे। इसी बीच उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। बताया जा रहा है कि मृतक की ठण्ड लगने से मौत हुई है।

# संगठन ने मनाया विजय दिवस, सैनिकों को किया सम्मानित

## - वीर सैनिकों के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर दी श्रद्धांजलि



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पूर्व सैनिक उत्थान एवं लोक कल्याण समिति ने साढ रोड स्थित सुनील यादव के आवास में कमल दीक्षित की अध्यक्षता में विजय दिवस के उपलक्ष्य में एक दिन पूर्व कार्यक्रम आयोजित किया। सर्वप्रथम सूबेदार मेजर राम सागर यादव व 1971 के युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिकों के आसमायिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। वर्ष 1971 के युद्ध में जनपद के भाग लेने वाले सैनिक कमल दीक्षित एवं जब्बार हुसैन को शाल व माला पहना कर सम्मानित किया। बरीपाल से आई भजन मंडली ने देशभक्ति एवं वीर रस के जोशीले गाने गाकर सभी को रोमांचित किया। मुख्य अतिथि अध्यक्ष विद्याभूषण तिवारी ने बताया कि पाकिस्तान द्वारा पूर्वी पाकिस्तान पर कहर ढाया गया। पूर्वी पाकिस्तान के नेता शेख मुजीबुर रहमान के विरोध के बावजूद कत्लेआम किया गया। क्रूरता की सारी हद पार कर दी गई। तब तत्कालीन प्रधानमंत्री ने मानवता का साथ दिया। बांग्लादेशी शरणार्थियों को भारत में पनाह दिया इसके विरोध में पाकिस्तान के सेना अध्यक्ष अब्दुल खान नियाजी ने 2 दिसंबर 1971 में भारत पर ऑपरेशन चंगेज खान नाम देकर आक्रमण कर दिया। भयंकर युद्ध हुआ जिसमें 16 दिसंबर 1971 में ढाका में 93000 पाकिस्तानी सैनिकों ने भारतीय सेना के सामने आत्मसमर्पण कर दिया जिससे पूरे पूर्वी पाकिस्तान स्वतंत्र हुआ व बांग्लादेश का निर्माण हुआ। भारत की तरफ से सेना का नेतृत्व फील्ड मार्शल जनरल मानिक शाह कर रहे थे। इस युद्ध में भारत के लगभग 3550 सैनिक शहीद हुए। 11200 सैनिक गंभीर रूप से घायल हुए जबकि पाकिस्तान के 11500 सैनिक शहीद हुए व 32400 सैनिक घायल हुए और उनके हजारों टैंक बर्बाद हो गए। यह युद्ध बंगाल, पंजाब, कश्मीर, राजस्थान, हिंद महासागर, अरब सागर व बंगाल की खाड़ी के क्षेत्र से लड़ा गया और इसमें मुख्यतः वेस्टर्न कमांड नॉर्दर्न कमांड और पूर्वी कमान फ्रंट ने भाग लिया। भारत की सेना ने 15010 स्क्वायर किलोमीटर पाकिस्तान का क्षेत्र कब्जा कर लिया परंतु 1972 में शिमला समझौते के तहत नेताओं ने सारी जमीन उनको वापस कर दिया। पाकिस्तान ने 150 वर्ग किलोमीटर भारत का क्षेत्र कब्जा किया जो अभी तक उन्हीं के कब्जे में है। महिला अध्यक्ष जागृति तिवारी ने कहा कि भारत का दुर्भाग्य है कि हम युद्ध में तो जीत जाते हैं परंतु राजनीतिक मंच पर आकर जीत को हार में बदल देते हैं। कार्यक्रम में सूबेदार मेजर राजेश शुक्ला, रामकेश यादव, गंगाराम सविता, रज्जन सिंह, रामकुमार, शिवप्रसाद सविता, जितेंद्र सिंह, गंगाराम सविता, कैलाश बाबू वर्मा, बलराम सिंह, रामकुमार यादव, अर्जुन सिंह, शिव गोपाल तिवारी, अनवर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# डायट में साइबर सुरक्षा पर क्विज में दि बायस अव्वल



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में शिक्षक शिक्षा के अंतर्गत प्रोग्राम एवं एक्टिविटीज मद से डीएलएड प्रशिक्षुओं के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता क्विज–2025 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय साइबर सुरक्षा रहा, जिसमें प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।प्रतियोगिता में आदर्श आर्या के नेतृत्व में टीम दि बॉयस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पुनीत सिंह के निर्देशन में टीम दि ट्रॉजन हॉर्स द्वितीय तथा श्रद्धा देवी के नेतृत्व में टीम दि वेब तृतीय स्थान पर रही। टीम दि बॉयस में धनंजय सोनी, आदर्श आर्या, सुमित कुमार मिश्र, सचिन कुमार और विशेष कुमार शामिल रहे। टीम दि ट्रॉजन हॉर्स में पुनीत सिंह, आ.ति भारती, मुकेश प्रताप, विदुषी पटेल और हर्ष वर्मा रहे, जबकि टीम दि वेब में श्रद्धा देवी, शीरीन नाज हन्नाफ़ी, ज्योति, जाह्नवी साहू और मानसी द्विवेदी शामिल रहीं। सभी विजेता प्रशिक्षुओं को प्राचार्य डायट आरती गुप्ता ने प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि साइबर सुरक्षा आज का ज्वलंत और अत्यंत प्रासंगिक विषय है, जो प्रत्येक व्यक्ति के जीवन को प्रभावित करता है। ऐसी प्रतियोगिताएं प्रशिक्षुओं में समसामयिक मुद्दों की समझ विकसित करने में सहायक हैं। यह आयोजन राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के निर्देशानुसार किया गया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन पांच राउंड में हुआ। प्रत्येक सही उत्तर पर दो अंक, गलत उत्तर पर शून्य अंक तथा ओपन टू ऑल प्रश्न का सही उत्तर देने पर एक बोनस अंक दिया गया। प्रतिभागियों ने हैकिंग, साइबर स्टॉकिंग, वायरस, रैनसमवेयर, स्पाइवेयर, फिशिंग और साइबर बिलिंग से जुड़े प्रश्नों के उत्तर दिए। कार्यक्रम के नोडल व निर्णायक मंडल में प्रवक्ता अमृत कुमार यादव, डाली सिंह और शाइस्ता इकबाल रहीं। स्कोरिंग का कार्य प्रियंका यादव व सचेतक की भूमिका हिमांशु पटेल ने निभाई। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का संचालन अमृत कुमार यादव ने किया। कार्यक्रम में संस्थान के सभी प्रवक्ता एवं प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

# वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से दर्शकों का मोहा मन

## - पहलगाम हमले के शहीद शुभम द्विवेदी की पत्नी ने निभाई सहभागिता



न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। उमेश योगेश मेमोरियल पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव अभिव्यक्ति का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक .ष्णा पासवान व विशिष्ट अतिथि एसडीएम अमिनीत कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना व सरस्वती वंदना से की गई। नन्हे–मुन्ने बच्चों की मासूमियत भरी प्रस्तुतियों ने हर किसी को मंत्रमुग्ध कर दिया। नर्सरी व एलकेजी के बच्चों ने अपने नृत्य से माता–पिता के प्रति प्रेम और .तज्ञता प्रकट की। जबकि कक्षा दो के बच्चों ने बूम–बूम गाने पर जबरदस्त नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बच्चों ने गाने के माध्यम से हर व्यक्ति को मोबाइल से दूर रहने की सलाह दी। वहीं आपरेशन सिंदूर, शिव तांडव जैसे कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में पहलगाम हमले में शहीद हुए शुभम द्विवेदी की पत्नी एशान्या ने भी अपनी सहभागिता निभाते हुए मंच के माध्यम से पढ़ाई के साथ भारत के लिए जीने मरने की बात की। कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि विद्यालय परिवार एवं सम्मानित शिक्षकों द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु किया जा रहे उत्.ष्ट प्रयास अत्यंत सराहनीय रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित मिश्रा ने कार्यक्रम की समाप्ति के बाद प्यारे बच्चों व अभिभावकों एवं पूरे विद्यालय परिवार को हृदय से हार्दिक बधाई एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं प्रबंधक बृजेश पांडेय ने कहा कि हम केवल पाठ्यक्रम की शिक्षा नही देते, बल्कि जीवन में सफलता के साथ संस्कार और अनुशासन की भी शिक्षा देते हैं। कार्यक्रम में शिक्षक अखिलेश तिवारी, अशोक मौर्या, मंजू तिवारी, अर्चना त्रिवेदी, प्रियंका बाजपेई, प्रियंका शुक्ला, स्वाती सिंह, राबिया खातून आदि शिक्षक व शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम में अपनी अहम भूमिका निभाई।

# केन्द्रीय विद्यालय का मनाया स्थापना दिवस

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। केन्द्रीय विद्यालय में सोमवार को विद्यालय का स्थापना दिवस बड़े धूमधाम व उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (कार्यानुभव) कालिका प्रसाद उपस्थित रहे। जिन्होंने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और विभिन्न सांस्.तिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। नृत्य, गायन और अन्य रंगारंग कार्यक्रमों ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने स्थापना दिवस को यादगार बना दिया। विद्यालय की प्राचार्या वीनू मिश्रा ने कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र–छात्राओं को आशीर्वाद प्रदान किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्या ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि केन्द्रीय विद्यालय की परंपरा को आगे बढ़ाने में हर छात्र की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर शिक्षकगण, अभिभावक और विद्यालय स्टाफ ने भी उत्साह से भाग लिया। स्थापना दिवस के इस आयोजन ने विद्यालय परिवार में एकता और उत्साह का संचार किया।

# मिड लाइन असेसमेंट परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले के सभी राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा नौ के विद्यार्थियों की मिड लाइन असेसमेंट परीक्षा सोमवार को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित की गई। परीक्षा प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक संपन्न हुई। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार के निर्देशानुसार परीक्षा ओएमआर शीट पर परख ऐप के माध्यम से कराई गई।पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल स्कूल अलादातपुर में आयोजित परीक्षा में हिंदी, गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान चार विषयों से कुल 60 प्रश्न पूछे गए। विद्यार्थियों को प्रश्नपत्र हल करने के लिए 90 मिनट का समय दिया गया। परीक्षा गोपनीयता, कड़ी निगरानी और नकलविहीन व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। परीक्षा समाप्ति के बाद 24 घंटे के भीतर सभी ओएमआर शीट्स को परख ऐप के माध्यम से स्कैन कर अपलोड किया गया। परीक्षा का संचालन पर्यवेक्षक कमल कुमार सविता की निगरानी में किया गया, जिसमें कक्षा–9 के सभी नामांकित विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य राय साहब चौहान के नेतृत्व में परीक्षा प्रभारी नीलम पाल एवं नीतू श्रीवास्तव की देखरेख में परीक्षा अनुशासित वातावरण में संपन्न हुई। शिक्षा विभाग की इस पहल से मूल्यांकन प्रणाली में पारदर्शिता और तकनीकी सुढ़ता देखने को मिली।

# चार दिवसीय कार्यक्रम में महिलाओं को दिया प्रशिक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विभिन्न सामुदायिक आधारित कैटरों का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम विजय श्री मैरिज हॉल कोल्ड स्टोर के सामने लखनऊ रोड में सोमवार को संपन्न किया गया। सभी महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरण किया। जिसमें मुख्य भूमिका उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा जनपद में ऑर्गनाइज कर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न कराया गया। प्रशिक्षण में तीस महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं को प्रशिक्षण संबंधित विभिन्न जानकारियां दी गईं। प्रशिक्षक ने स्वास्थ्य, सुरक्षित गर्भावस्था और प्रसव की तैयारी के साथ ही जीवन की सुरक्षा के लिए क्या–क्या पहचान करनी चाहिए वह जानकारी दी गई।

# राष्ट्रीय परिषद सदस्य घोषित होने पर पूर्व मंत्री का हुआ स्वागत



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भाजपा उत्तर प्रदेश से राष्ट्रीय परिषद सदस्य घोषित किए गए पूर्व मंत्री रणवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ धुन्नी सिंह का सोमवार को उनके आवास पर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उत्साह व गर्मजोशी से स्वागत किया। सुबह से ही उनके अल्लीपुर निवास पर लोगों के आने का सिलसिला जारी रहा। हुसैनगंज मंडल अध्यक्ष .ष्ण कुमार द्विवेदी, छिवलहा मंडल अध्यक्ष रामू बाजपेई ने अपने मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ घोषित राष्ट्रीय परिषद सदस्य धुन्नी सिंह का फूल–मालाओं व सांस्.तिक प्रतीकों से स्वागत किया।

जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह उर्फ रिक्कू लोहारी सहित जिले के कोने कोने से समर्थक स्वागत करने पहुंचे। पूर्व मंत्री ने सभी का स्नेहिल आभार जताते हुए बताया कि संगठन द्वारा जो भी दायित्व दिया गया है उसे पूरी निष्ठा से निर्वहन किया जायेगा। जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री द्वय सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को राष्ट्रीय परिषद में स्थान दिया गया है। फतेहपुर सौभाग्यशाली है जिसके दो नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति व पूर्व राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश रणवेंद्र प्रताप सिंह को भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य घोषित किया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव सहित जिला पदाधिकारियों व मंडलों से घोषित सदस्यों द्वारा शुभकामनाएं प्रदान की गई हैं। उधर षहर सहित कैंप कार्यालय में भी घोशित राष्ट्रीय परिशद के सदस्य धुन्नी सिंह का भाजपाईयों ने माला पहनाकर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में जिला मंत्री कुलदीप भदौरिया, महामंत्री पुष्पराज पटेल, नीरज सिंह, पंकज त्रिवेदी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित तोमर, अखिलेष द्विवेदी षामिल रहे।

# बेटी की तलाश में भटक रहे परिवार ने एसपी से लगाई गुहार



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा तहसील के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर गांव के ही युवक पर उनकी 18 वर्षीय पुत्री को घर से भगाने व थाने की पुलिस पर आरोपियों से मिलीभगत कर दोषियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया।

पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार को शिकायती पत्र देने पिता के साथ पहुंचे परिवार ने शिकायती पत्र में गांव के ही युवक शरवन पर 16 अक्टूबर को बहला फुसलाकर घर से भगा ले जाने का आरोप लगाया। कहा कि थाने में शिकायत करने पर पुलिस ने केवल गुमशुदगी दर्ज कर लिया लेकिन आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गयी। परिजनों द्वारा बार बार पूछने पर पुलिस द्वारा पुत्री को जल्द बरामदगी करने को कहकर पीड़ित परिवार को थाने से टरकाया जा रहा है। बताया कि पीड़ित परिवार पर दबाव बनाने के लिए आरोपी युवक के पिता बांकेलाल, माता मालती देवी, भाई विकास व शिवम आदि परिजनों द्वारा धमकी दी जा रही है। कहा जा रहा है कि पुलिस उन लोगों पर कार्रवाई नही करेगी। पीड़ित परिवार ने अपनी व पुत्री के साथ किसी तरह की अनहोनी होने की चिंता जताते हुए जान माल की सुरक्षा करने व पुत्री को बरामद कर परिवार को सौंपने की मांग किया। पीड़ित की समस्या सुन एसपी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# पीएसी जवानों को दी चिकनपॉक्स से बचाव की दवा



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के चेयरमैन व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में 12 वीं वाहिनी पीएसी में चिकनपॉक्स बचाव व जागरूकता अभियान चलाया गया। डॉ अनुराग ने सभी नौ सौ जवानों को चिकनपॉक्स से बचाव हेतु होम्योपैथिक औषधि का वितरण किया। साथ ही स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखना चाहिए। स्वच्छता से हम कई बीमारियों से बच सकते हैं। इस अवसर पर सेनानायक मनोज कुमार अवस्थी, सैन्य सहायक प्रतिमा सिंह, शिविर पाल विजय कुमार चौधरी, पीसी कुलदीप पुष्पाकर उपस्थित रहे।

# ......बल्लभ भाई पटेल सा कोई सरदार हो नहीं सकता



न्यूज वाणी ब्यूरो

बिंदकी, फतेहपुर। अमौली कस्बे के सरदार बल्लभभाई पटेल पार्क पर लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि राजेन्द्र सिंह पटेल और मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता, अमौली ब्लॉक प्रमुख सुशीला सिंह ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम की शुरुआत किया। संचालन ज्ञानेंद्र प्रकाश साहू ने किया।

कस्बे के वीर रस के कवि राहुल कश्यप ने हिमाद्रि सा कोई विस्तार नहीं सकता, माँ के चरणों सा कोई संसार में हो नहीं सकता। खण्ड खण्ड भारत को किया अखंड, बल्लभ भाई पटेल सा कोई सरदार हो नहीं सकता।। वहीं आयुष यादव ने आज गूंगे भी हमें कुछ बताना चाहते हैं यह चंद जमाने के लोग हमें आजमाना चाहते हैं सूरज भी नहीं सुखा पाया जिसको यह चंद जुगनू उसे समंदर को सुखाना चाहते हैं। कवियों में संतोष दीक्षित, डॉ गोविंद, शिवशरण बंधु हथगामी, सर्वेश सिंह गजलकार ने अपनी कविताएं प्रस्तुत करके श्रोताओं को तालिया बजाने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर रामभक्त वर्मा, साहब सिंह, शिवा गुप्ता, विवेक उत्तम, करन सिंह पटेल, उत्प्रेक्षा दुबे, आशीष सिंह, चौकी इंचार्ज दिग्विजय सिंह, प्रतिमा उमराव, अरविंद उमराव, श्रीकांत उत्तम भी मौजूद रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )